तापमान

अधिकतम 38.6 डिग्री

न्यूनतम 24.1 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार, 31 मार्च 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

12 सेलूद शीतला मंदिर में 125 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

12 नहर से छोड़े जा रहे पानी की मात्रा बढ़ाकर जल्द टेल एरिया तक पहुंचाए: जिपं अध्यक्ष सरस्वती





## नवरात्रि विशेष



### द्वितीय: ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-

दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

# तादुंला जलाशय से 1300 क्यूसेक पानी मांगा, आ रहा 900 क्यूसेक

**गर्मी की वजह से इस बार जलाशयों में पानी कम, तालाबों तक नहीं पहुंच पा रहा पानी, नवरात्र पर मंडराया संकट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अलग खबर

भीषण गर्मी की वजह से निस्तारी तालाबों में पानी नहीं है। सांसद विजय बघेल की पहल से तादुंला जलाशय से तालाबों के लिए पानी छोड़ा गया है लेकिन यह पहुंच नहीं रहा। दुर्ग जिला प्रशासन ने बालोद के तादुंला जलाशय से 1300 क्यूसेक पानी दुर्ग जिले के लिए मांगी है लेकिन हाल यह है कि जलाशय में ही पानी की कमी है। जिसकी वजह से महज 900 क्यूसेक पानी नहीं आ पा रहा है। यानी 400 क्यूसेक पानी की कमी की वजह से सभी माइनरों में ही पानी नहीं पहुंच पा रहा है।





तांदुला से छोड़ा गया पानी तीन दिन पहले नहर में कुछ आया, रविवार को पूरा सूखा

### जिले के 69 तालाबों में निस्तारी संकट

बालोद के तांदुला जलाशय पर ही दुर्ग जिला पानी के लिए निर्भर है। जिला विभाजन के बाद यह जलाशय बालोद जिले में चला गया है। इसलिए दुर्ग जिले को जब भी पानी की जरूरत पड़ती है बालोद के तांदुला जलाशय से पानी लेते हैं। दुर्ग जिले के 69 तालाबों में इस गर्मी निस्तारी संकट हैं। इन तालाबों को भरने के लिए तादुंला जलाशय से पानी छोड़ा गया है।

### तांदुला जलाशय में 42 प्रतिशत ही जलभराव

तादुंला जलाशय में इस गर्मी में पानी की कमी है। जलाशय में 42.25 प्रतिशत ही जलभराव है। इसी तरह गोंदली जलाशय में 52.61 प्रतिशत पानी है। खरखरा जलाशय में महज 36.50 प्रतिशत और खपरी जलाशय में 30 प्रतिशत जल भरा हुआ है। मरोदा टैंक में 39.70 प्रतिशत पानी है। गर्मी की शुरूआत में ही जलाशयों में यह स्थिति होना प्रशासन के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

### जर्जर छोटी नहरों से लाखों गैलन पानी बर्बाद

तादुंला जलाशय से हर साल गर्मी में दुर्ग जिले के निस्तारी के लिए पानी लिया जाता है। इसके अलावा रबी फसल के दौरान वर्षा ऋतु के आखिरी में पानी की जरूरत होने पर धान पकने के लिए पानी लिया जाता है। नहरों की हालत ऐसी है कि हजारों गैलन पानी जर्जर नहरों की वजह से बर्बाद होता है। पानी आसपास खाली जगह पर फैलता है। इस पानी की बर्बादी को रोकने के लिए अब तक जल संसाधन विभाग द्वारा कोई पहल नहीं की गई है।

### पाउवारा, कातरो, कोड़िया में ही पानी खत्म

तादुंला जलाशय का पानी पाउवारा, कातरो, कोड़िया व उतई क्षेत्र तक ही पहुंच रहा है और पानी यही खत्म हो जा रहा है। जिसकी वजह से खम्हरिया माइनर से नेवई, मरोदा, रिसाली, रूआबांधा, दुर्ग, खपरी व जेवरासिरसा की तरफ पानी ही नहीं आ पा रहा है। मरोदा व टंकी मरोदा के छोटी लाइन नहर में पानी आया लेकिन केवल एक फीट पानी चल रहा था। वह भी अब बंद हो गया है। जिसकी वजह से तालाब सूखे हैं। नवरात्र का पर्व शुरू हो गया है। नवरात्र पर ज्योत जंवारा का विसर्जन तालाबों में किया जाता है। तालाबों में पानी नहीं पहुंचने की वजह से विसर्जन के लिए दिक्कतें उठानी पड़ेगी।

### जलस्तर भी नहीं सुधर रहा

नहरों के माध्यम से तालाबों में पानी भरे जाने से लोगों के घरों में लगे हेंडपंपों का जलस्तर भी सुधरेगा। वर्तमान में जलस्तर इतना नीचे चला गया है कि 80 प्रतिशत हेंडपंपों से पानी ही नहीं निकल पा रहा है। यह स्थिति भिलाई, रिसाली, दुर्ग ,भिलाई तीन चरोदा नगरनिगम क्षेत्रों की है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही हालात से लोग जूझ रहे हैं।

### पानी की दिक्कत

तादुंला जलाशय से दुर्ग जिले के लिए 1300 क्यूसेक पानी की डिमांड की गई है लेकिन बांध में भी पानी कम है। इसलिए पानी कम रफ्तार से आ रहा है। तालाबों तक पहुंचने में कुछ दिन और लगेंगे।

**डीएन शुक्ला,** एसडीओ जलसंसाधन वि.

## खुलासा : पुलिस ने किया चार आरोपी को गिरफ्तार, एक फरार

# हिस्ट्रीशीटर तपन के भांजे ने की दोस्तों के साथ अवतार की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हिस्ट्रीशीटर तपन सरकार के भांजे ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश के चलते अवतार मरकाम की हत्या कर दी थी। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर व डीएसपी क्राइम अजय सिंह ने बताया कि हत्या करने वाले गैंगेस्टर तपन सरकार का भांजा प्रेम नगर, सिकोला भाठा दुर्ग निवासी आकाश मजूमदार उर्फ सोना, हनोदा रोड, गलैक्सी अटल आवास दुर्ग मुकेश चौहान उर्फ चिरा,ब्लाक नं. 83, मकान नं. जी 4 बाम्बे आवास उरला दुर्ग अमन साहू उर्फ मशान साहू ,सिकोला बस्ती दुर्ग होरी लाल पटेल उर्फ बाती को गिरफ्तार किया है। वहीं सिकोला भाठा दुर्ग दीपक ठाकुर अब भी फरार है। पुलिस ने बताया कि 28 मार्च की रात दुर्ग बायपास रोड पर स्थित इंदर ढाबा में पार्टी के दौरान अवतार मरकाम की चाकू से गोदकर हत्या कर मौके से आरोपी फरार हो गए थे। मामले की जांच की तो परिजनों ने बताया कि सोना उर्फ आकाश मजूमदार ने अवतार मरकाम को फोन कर अपने पास इंदर ढाबा बुलाया था। वहां सोना ने अपने दोस्त दीपक ठाकुर, मुकेश चौहान उर्फ चीरा, मशान, होरीलाल पटेल उर्फ बाती पहले से मौजूद थे। अवतार को पहले बियर की पार्टी दी बाटल के खत्म होते ही पहला वार सोना ने अवतार के सिर पर किया। उसके बाद उसके दोस्तों ने अवतार पर टूट पड़े। अवतार की हत्या पीठ पीछे बुरी तरह किया गया। इस दौरान सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी मौजूद थे।

**चिखली ढाबा के पास घटना को दिया अंजाम**





### पुलिस को मिली बड़ी सफलता

हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने पहले टीम बनाई गई। उसके बाद वारदात के चश्मदीद गवाह विकास सिंह परमार से पूछताछ किया गया। उसके बताए मुताबिक आकाश मजूमदार उर्फ सोना को आदित्य नगर दुर्ग से हिरासत में लिया। फिर उसकी निशानदेही पर सिरसा गनियारी से मुकेश चौहान उर्फ चीरा, अमन साहू उर्फ मशान, होरीलाल पटेल उर्फ बाती पुलिस गिरफ्त में आए। आरोपियों से पूछताछ करने पर बताया कि पूर्व में अवतार और मुकेश के साथ मारपीट हुई थी। दीपक ठाकुर का अवतार के भाई के साथ विवाद होने पर अवतार ने दीपक का पैर तोड दिया था। इसके बाद होरीलाल का दीपक के साथ दोस्ती होने पर अवतार ने फिर होली में होरी लाल के साथ मारपीट किया। इससे नाराज आरोपियों ने हत्या का प्लान तैयार कर अवतार को रास्ते से हटा दिया।

### बियर पार्टी में बुलाकर अवतार मरकाम की हत्या

अवतार को शराब पार्टी में बुलाया गया। योजना के तहत 29 मार्च दीपक ठाकुर ने सोना से अवतार को बुलाने के लिए कहा, सोना और अवतार की दोस्ती थी। सोना ने अवतार को इंदर ढाबा में बियर पीने के लिए बुलाया। जैसे ही अवतार वहां पहुंचा दीपक ठाकुर की गाडी के पास छिपकर खड़े मुकेश उर्फ चिरा, होरीलाल उर्फ बाती, अमन साहू उर्फ मशान ने अवतार के कान गला, और सीने में ताबडतोड हमला कर दिया। अवतार को भागने तक का मौका नहीं दिया। मृतक के परिजनों के आरोप को लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### आरोपियों की कुंडली

- आकाश मजूमदार उर्फ सोना पर मारपीट के 10, आर्म्स एक्ट का 1 समेत कुल 11 अपराध थानों में दर्ज है।
- मुकेश चौहान उर्फ चिरा पर मारपीट के 7, आबकारी एक्ट 1, एनडीपीएस एक्ट 1, 2 आर्म्स एक्ट समेत 11 अपराध दर्ज है।
- अमन साहू उर्फ मशान मारपीट 4, लूट का 1, चोरी 1 और 1 आर्म्स एक्ट समेत 7 मामले दर्ज हैं।
- होरी लाल पटेल उर्फ बाती मारपीट 12 और 1 जुआ एक्ट समेत 13 अपराध कायम है।
- फरार आरोपी दीपक ठाकुर 1 प्रकरण हत्या का प्रयास, 10 मारपीट, 2 आर्म्स एक्ट, 1 जुआ एक्ट, 1 मामला शासकीय कार्य में बाधा का मामला दर्ज है।

### इस टीम ने आरोपी तक पहुंचाया

अवतार हत्याकांड में आरोपियों को पकड़ने वालों में एसीसीयु से सउनि पूर्ण बहादूर, सउनि गुप्तेश्वर यादव, प्रधान आरक्षक प्रदीप सिंह, धनंजय वर्मा, आरक्षक तिलेश्वर, फारूक खान, जी रवि, नरेन्द्र सहारे समेत जेवरा चौकी प्रभारी पुरषोत्तम कुर्रे समेत उनकी टीम मौजूद थी। रात को ही सोना उर्फ आकाश मजूमदार को पकड़कर पूछताछ करना शुरु कर दिया था। उसके बाद ही सब पुलिस गिरफ्त में आए।

**जामा मस्जिद सेक्टर-6 ने की पुष्टि**

# दिखा ईद का चांद आज होगी नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



रमजान माह में 29 वें रोजे के साथ ही शाम को ईद उल फितर का चांद नजर आ गया। हालांकि इस्पात नगरी भिलाई में बादल साफ नहीं होने की वजह से ज्यादातर जगहों पर चांद देखने में मुश्किलें आईं। लेकिन छत्तीसगढ़ के अन्य हिस्सों से चांद देखे जाने की शरई तस्दीक के बाद जामा मस्जिद सेक्टर-6 की ओर से इसकी पुष्टि करवाई गई और देर रात शहर की सभी मस्जिदों-ईदगाहों से 31 मार्च को नमाज-ए-ईद उल फितर को लेकर ऐलान भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर मिर्जा आसिम बेग ने बताया कि रायपुर बैजनाथ पारा मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन, यतीम खाना के मौलाना मुहम्मद अली फारूकी ने ईद के चांद का ऐलान कर दिया है। सेक्टर-6 जामा मस्जिद में भी तरावीह की नमाज़ नही होगी। गौसिया मस्जिद कैम्प-1 में सुबह ठीक 8 बजे, अशरफी मस्जिद खुर्सीपार में सुबह 8 बजे, मदनी मस्जिद जोन 1/2 खुर्सीपार सुबह 9:15 बजे,रजा जामा मस्जिद कैंप 2 में सुबह 9 बजे, शेरे खुदा मस्जिद हाउसिंग बोर्ड के ईदगाह मैदान में सुबह 8:15 बजे,फरीदनगर के बड़ा मैदान ईदगाह में सुबह 7:45 बजे, अशरफी मस्जिद रूआबांधा में 8 बजे, मर्कजी मस्जिद पावर हाउस कैंप-2 में 8:45 बजे, मदनी मस्जिद फरीद नगर में सुबह 8:30 बजे, मरकज सुपेला मस्जिद नूर में 9:15, जामा मस्जिद हुडको में सुबह 7:30 बजे नमाज होगी।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल पार करने वाले धरे गए, एक अपचारी भी

**भिलाई।** मोबाइल चोरी करने वाला एक अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि टाटा लाईन कोहका निवासी अजीजूल हसन पैदल कोहका जा रहा था। तभी बाइक सीजी 07 बीएक्स 2867 में दो व्यक्ति अचानक पहुंचे और मोबाईल को झपटा मारकर फरार हो गए। शिकायत के बाद दो अपचारी बालक पुलिस गिरफ्त में आए। मोबाईल की कीमत 5 हजार रुपए आंकी गई है।

### लूटपाट करने वाले 3 नाबालिग गिरफ्तार

**भिलाई।** लूटपाट करने वाले तीन अपचारी बालको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि दुर्गा नगर जुनावनी निवासी रोशन कुमार स्वीगी में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता है। घासीदास नगर जामुल निवासी ने स्वीगी में खाने का आर्डर किया। जैसे घासीदास नगर पहुंचा। 5 युवक पहुंचे और आर्डर करने का झांसा देकर बाइक से चाबी निकाल कर पीड़ित से मारपीट कर जेब में रखे 1900 रूपये, मोबाइल, आधार कार्ड लूट लिए। शिकायत पर पुलिस ने खोजबीन करने पर तीन अपचारी बालको को पकड़ा पूछताछ में घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। मोबाइल लूट की वारदात शहर में हो रही है। इसे लेकर पुलिस भी खासी परेशान है।

# लेनदेन को लेकर हमला, तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** रुपए लेन देन को लेकर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 109, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि सेक्टर 7 सड़क नंबर 15 क्वार्टर नंबर 3 एफ निवासी विमलेश्वरी राजपूत ने शिकायत किया था। 28 मार्च की रात शाप नं. 09 इस्पात नगर रिसाली निवासी विशाल कनौजिया अपने साथी संजय गिरी उर्फ लिची ,अम्बेडकर नगर कैम्प 2 संजय सोनकर,आदर्स नगर कैम्प 2 मोहम्मद साहिल और अपचारी बालक के साथ पति से पुराने लेनदेन को लेकर विवाद किया। चाकू से हमला कर फरार हो गए थे।



पुलिस ने आरोपी विशाल कन्नोजिया,संजय गिरी उर्फ लीची का पीड़िता के पति के साथ आपसी लेनदेन का विवाद था। विवाद के बाद संजय गिरी उर्फ लीची, विशाल कन्नोजिया अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देकर फरार हुए थे। पुलिस ने तुरंत तीन युवक समेत 1 अपचारी बालक को पकड़ लिया।

# दीप जलाकर किया नवरात्रि का अभिनंदन



**भिलाई।** चैत्र नवरात्र के अवसर पर भिलाई के खुर्सीपार में बोलबम सेवा एवं कल्याण समिति द्वारा राष्ट्रीय हिंदू नववर्ष व नवरात्रि के प्रथम दिन पूजा-अर्चना की गई। हिन्दू नववर्ष के अवसर पर 5100 दीप जलाकर देश और राज्य के लिए मंगल कामना की गई। वहीं 5100 सौ द्विपो से जय श्रीराम लिखा गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, संघ प्रमुख कौशलेंद्र प्रताप सिंह शामिल हुए। दया सिंह को बधाई दी। वही कार्यक्रम में जिसमें भिलाई के तमाम बीजेपी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**आंदोलन**

# शराब बंदी को लेकर छग महिला संघ ने दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रविवार को दुर्ग जिला छत्तीसगढ़ी महिला संघ द्वारा छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराब बंदी को लेकर जोहार चौक रिसाली में एक दिवसीय धरना दिया गया। वर्तमान में छत्तीसगढ़ की साय सरकार द्वारा योजनाबद्ध तरीके से इसी तरह 67 नए शराब दुकाने खोलने जा रही है। दुर्ग जिले में लगभग 18 नए शराब दुकान खुलने को तैयार है। जबकि पूर्व में 16 शराब दुकान दुर्ग में संचालित है। अब बढ़कर 34 हो जाएंगे। जिसको लेकर प्रदेश छत्तीसगढ़ी समाज ने प्रत्येक जिले में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट क्षमा यदु को ज्ञापन सौंपा गया। संघ कुसुमलता वर्मा, चंद्रकला तारम, प्रेमलता देशमुख आदि ने संबोधित किया।

### शराब खपत के मामले में छत्तीसगढ़ बहुत आगे

छत्तीसगढ़ी महिला संघ के सदस्यों ने कहा कि पहले से ही छत्तीसगढ़ पूरे देश में शराब खपत के मामले में सबसे उपर है जिसका दुष्परिणाम घरेलू कलह, हिंसा, सड़क दुर्घटना, महिला प्रताड़ना, बलात्कार, चोरी, डकैती, मानसिक अवसाद, शिक्षा का गिरता स्तर, चाकूबाजी, हत्या जैसे अपराध के रूप में सामने आ रही है। शराब से राजस्व वसूली का कारोबार आम जनता की मौत और युवाओं को अपराध में धकेलने का सौदा है। जिसमें प्रमुख रूप से पार्षद चंद्रभान ठाकुर सुबोध देव, दीनबंधु, हीरोज, पूर्व पार्षद राजेंद्र रजक नोहर सिंह गजेन्द्र आदि शामिल थे।

**6 अप्रैल तक चलेंगी विशेष ट्रेनें, एक्सप्रेस ट्रेनों का भी होगा स्टापेज**

# मां बम्लेश्वरी दर्शनार्थियों के लिए चल रही विशेष ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



मॉ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ में चैत्र नवरात्रि पर्व मेला में जाने वाले दर्शनार्थियों के लिए ट्रेन सुविधा बढ़ाई गई है। रेलवे प्रशासन द्वारा गाडियों का अस्थायी ठहराव दिया गया है। स्पेशल ट्रेन एवं कुछ गाड़ियो का विस्तार की सुविधा प्रदान की जा रही है । 6 अप्रैल तक यह सुविधा रहेगी।

### ये ट्रेनें विस्तारित

- 68742 / 68741 गोंदिया-दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेजर को रायपुर तक विस्तारित की गई है ।
- 68729/ 68730 रायपुर-डोंगरगढ-रायपुर मेमू पैसेजर को रेस्टोरैशन कर इस गाड़ी को गोंदिया तक विस्तार किया है।
- 08709/08710 डोंगरगढ-दुर्ग-डोंगरगढ मेमू पैसेजर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है।
- 08701/08702 दुर्ग-रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेजर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है।

### ये ट्रेनें रूकेगी डोंगरगढ़ स्टेशन में

- 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस
- 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस
- 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12851 बिलासपुर - चेन्नई एक्सप्रेस
- 12852 चेन्नई - बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12849 बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस
- 12850 बिलासपुर -पुणे एक्सप्रेस
- 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस
- 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस



### मेमू पैसेंजर

- 68721 रायपुर-डोंगरगढ मेमू पैसेजर रायपुर से
- 68723 डोंगरगढ-रायपुर मेमू पैसेजर डोंगरगढ से
- 68724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेजर गोंदिया से
- 68729 रायपुर-गोंदिया मेमू पैसेजर रायपुर से
- 68730 डोंगरगढ-रायपुर मेमू पैसेजर डोंगरगढ से

### अतिरिक्त कोच इन ट्रेनों में

- 12855 बिलासपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस
- 18240 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-कोरबा एक्सप्रेस में
- 18239 कोरबा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस
- 12856 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस में




पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप



### चिटफंड कंपनी के फरार दो डॉयरेक्टर गिरफ्तार

**भिलाई।** फरार चिटफंड कंपनी के फरार डॉयरेक्टर को पुलिस ने उड़िसा से गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि चिटफंड कंपनी संचय इन्फ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड के डायरेक्टरो द्वारा जिले के 18 निवेशको से अधिक ब्याज का लालच देकर 25 लाख रुपए से अधिक की राशि का ठगी किया। शिकायत के बाद पुलिस ने पूर्व में डायरेक्टर प्रवीण मोहंती, अरविंद मिश्रा को भुनेश्वर उडिसा से गिरफ्तार किया था। फरार 4 आरोपियों की खोज में पुलिस जुटी थी। पकड़ने के लिए टीम को भुनेश्वर उड़िसा रवाना किया गया। 3 दिनो तक फरार प्लाट नंबर 1039 ओल्ड टाउन भुनेश्वर उडिसा निवासी डायरेक्टर देवकांत महापात्रा, पोलो आशियाना वेलफेयर सोसायटी प्लाट नंबर बी/303 थाना मनचेश्वर जिला खुर्दा भुनेश्वर उडिसा जुगलचरण दास के घर पर पुलिस पैनी नजर रखी हुई थी। पुलिस ने आरोपियों को भुनेश्वर उडिसा से ट्रेस कर पकड़ा गया। कार्रवाई में मोहन नगर थाना प्रभारी शिव प्रसाद चन्द्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### रूपनारायण 3 को करेंगे पदभार ग्रहण

**जामगांव आर।** समीपस्थ ग्राम कुम्हली निवासी रूपनारायण सिन्हा 3 अप्रैल को पं दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम (साइंस कॉलेज रायपुर समीप) में छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष पदभार ग्रहण करने अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया है। रूपनारायण सिन्हा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक भाजपा के बस्तर पूर्व संगठन मंत्री सहित विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों का भली भांति परिणाम दायक दायित्व निर्वहन कर चुके है।

## निधन

### राम प्रताप मिश्रा

**भिलाई।** प्लॉट नंबर 30-31 शिवाजी नगर सुपेला निवासी गोरखपुर के प्रतिष्ठित कृषक



समाजसेवी राम प्रताप मिश्रा उम्र 82 वर्ष का निधन 30 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 31 मार्च को रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा सुबह 9 बजे उनके निवास से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राममूर्ति, केशव मूर्ति मिश्रा के भाई, शहर के प्रमुख व्यवसाय एवं समाजसेवी नागेंद्र, अरुण, अश्वनी, सूर्य प्रकाश मिश्रा के पिता और नीरज कुमार, शरद कुमार, आशुतोष, दिव्यांश, आयुष मिश्रा के दादा थे।

### कैलाशवती दत्ता

**भिलाई।** एम 577 मोगरा, बी ब्लॉक तालपुरी निवासी



कैलाशवती दत्ता का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 31 मार्च को सुबह 11 बजे निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. बीआर दत्ता की पत्नी एवं रविन्द्र कुमार दत्ता, अविनाश छिब्बर की मां थीं।


**।। न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला दुर्ग छ.ग. ।।**

रा.प्र.क्र.-2024-2025 ग्राम-अगार प.ह. नं 04

//उद्घोषणा //

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि उक्त विषयांतर्गत आवेदक जगमोहन पिता जगत राम सिन्हा जाति-कलार निवासी ग्राम अगार प. ह. नं. 4 तहसील धमधा जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वयं का जन्म दिनांक 12/06/1989 को ग्राम अगार प.ह.न. 04 तहसील धमधा जिला दुर्ग में जन्म हुआ है। जन्म का पंजीयन किसी भी स्थान या जिले में पंजीयन नहीं होने से संबंधित विभाग में जन्ग का पंजीयन करने स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण म.प्र. (सह पठित छ.ग. राज्य) नियम 1973 के नियम 10 (3) के अंतर्गत निर्देश/ आदेश देने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथपत्र, अप्राप्यता प्रमाण पत्र, सरपंच पंचनामा प्रमाण पत्र, दाखिल-खारिज, आधार कार्ड की छायाप्रति आवेदन संलग्न कर इस न्यायालय में पेश किया गया है। यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वंय अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 11/04/2025 को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 24/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 24/03/2025
पेशी दिनांक :- 11/04/2025

नायब तहसीलदार
धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)


### सामान्य सभा में प्रस्ताव पारित 6 अन्य एजेंडों पर भी हुई चर्चा

# कुम्हारी नगर पालिका में 7 लाख 15 हजार रुपये के लाभ का बजट प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्हारी

नगर पालिका परिषद कुम्हारी के शिवनाथ सभागार में सामान्य सभा की बैठक आहुत की गई जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट प्रस्तुत किया गया। बजट में अनुमानित आय के रूप में 1 अरब 58 करोड़ 2 लाख 40 हजार रुपये आंकलित किया गया। वहीं समस्त व्यय के रूप में 1 अरब 57 करोड़ 95 लाख 25 हजार रुपये प्रस्तावित किया गया। इस प्रकार नगर पालिका परिषद को आय के विरुद्ध व्यय राशि के रूप में 7 लाख 15 हजार रुपये लाभ का बजट प्रस्तुत किया गया। सभा की शुरुआत राष्ट्रगान से शुरू हुई। अपने पहले बजट को प्रस्तुत करने के पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना वर्मा ने महामाया मंदिर पहुंचकर माता के दर्शन किये इसके पश्चात वे पालिका पहुंची। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में पालिकाध्यक्ष मीना वर्मा ने नगर के विकास को अपनी पहली प्राथमिकता में रखते हुए अधोसंरचना विकास सहित मूलभूत सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही गई। साथ ही उन्होंने सभी पक्ष विपक्ष के पार्षदों से मिलकर नगर को सुंदर और स्वच्छ बनाने की अपील की। बजट में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, आवास सहित शिक्षा व रोजगार के उचित अवसर पर नगर में समूचे विकास के रोडमैप तैयार किये गए हैं। सभा में प्रमुख 7 प्रस्तावों पर बारी-बारी से चर्चा किया गया। सभा में पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा सहित 24 वार्डों के पार्षद उपस्थित थे। चर्चा के दौरान मुख्य रूप से सफाई व पेयजल व्यवस्था एवं कर वसूली को लेकर पक्ष व विपक्ष के पार्षदों ने पालिका प्रशासन के अधिकारियों पर सवाल उठाएं। कुछ वार्डों में भारी वाहनों के चलने पर एवं टैंकर प्रणाली पर विपक्ष के पार्षद लेखराम साहू तथा यूजेन्द्र साहू ने मुद्दा उठाया। राशन दुकानों में लापरवाही को लेकर सत्ता पक्ष के पार्षद उमाशंकर साहू ने अपनी बात रखी वहीं भाजपा पार्षद लोकेश साहू ने यूजर चार्ज वसूली को प्रशासनिक तानाशाही बताते हुए नियमानुसार कर लगाने की बात कही साथ ही अवैध होर्डिंग्स पर कार्यवाही की बात भी कही। सभा में लाभ के बजट सहित नगर में सुव्यवस्थित विकास एवं सुशासन की मंशा अनुरूप कार्य करने के लिए सत्ता पक्ष के पार्षदों द्वारा मेज थपथपा कर पालिका अध्यक्ष का स्वागत किया। वर्ष 2025-26 के मुख्य 7 प्रस्तावों पर निर्णय लिया गया जिसमें प्रमुख रूप से सब्जी मंडी में वाहन पार्किंग को ठेके पर देने के विषय को पार्षद हरिदास वैष्णव ने उठाते हुए पिछले कार्यकाल में ठेका कब हुआ था इसकी जानकारी मांगी इस विषय पर पक्ष एवं विपक्ष के पार्षदों द्वारा एक साथ निर्णय लिया गया। वहीं सम्पत्ति कर का नामांतरण शुल्क वर्तमान निर्धारित राशि 500 से 1000 रु तक की वृद्धि किये जाने पर भी पार्षदों ने इसे सिरे से खारिज़ करते हुए इसे यथावत रखने की बात कही। अंतिम प्रस्ताव वार्षिक भाड़ा शुल्क निर्धारण में भी पार्षदों ने गंभीरता नही दिखाई और इस प्रस्ताव के लागू होने से नगर वासियों पर अतिरिक्त कर का बोझ का हवाला देते हुए इसे भी एक स्वर से ख़ारिज कर दिया। शेष सभी प्रस्तावों को ध्वनिमत से पास कर दिया गया। सामान्य सभा में चर्चा के दौरान पक्ष व विपक्ष के सभी पार्षदों ने सफ़ाई व्यवस्था पर सवाल उठाए और इसे तत्काल दुरुस्त करने की मांग की जिसे मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर ने ठीक करने का आश्वाशन दिया। पार्षद अनुराग गुप्ता ने वार्ड क्रमांक 15 पुराना कपड़ा मार्केट से हाउसिंग बोर्ड मार्ग में पिछले कई वर्षों से खुदे गड्ढों पर सवाल उठाते हुए इसपर तत्काल संज्ञान लेकर इसे दुरुस्त करने की बात कही। पार्षद लोकेश साहू ने पीडीएस के चावल के वितरण को सुचारू करने की बात कही। ओंकार मारकंडे ने पाइपलाइन ठीक करने और कुगदा के आवागमन में सुचारू करने की मांग की। पार्षद युजेन्द्र साहू ने परसदा मार्ग में बंद स्ट्रीट लाइट को जल्दी से सुधारने की बात कही। कई विषयों पर चर्चा के दौरान पक्ष विपक्ष में तीखी नोकझोंक देखी गई।

#### किस कार्य के लिए कितना बजट



सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण 90 करोड़, स्विमिंग पूल निर्माण 1 करोड़, आडोटोरियम निर्माण 1 करोड़, परसदा तालाब सौंदर्यीकरण 1 करोड़ 95 लाख, परसदा में स्टेडियम निर्माण 3 करोड़, जंजगिरी में पार्क निर्माण 60 लाख, निकाय क्षेत्रों में अन्नपूर्णा भवन निर्माण 50 लाख, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स निर्माण 30 लाख, प्रकाश व्यवस्था एवं मरम्मत संधारण कार्य हेतु राशि 1.00 करोड़, पेयजल व्यवस्था एवं मरम्मत / संधारण हेतु राशि 85.00 लाख, सड़क सफाई व्यवस्था हेतु आवश्यक सामग्री हेतु राशि 75.00 लाख, अधोसंरचना का विकास किये जाने हेतु राशि 12.00 करोड़, मिशन क्लीन सिटी योजना हेतु 1.50 करोड़, 15 वें वित्त आयोग एवं अमृत मिशन 2.0 हेतु स्टार्म वाटर ड्रेनेज व वाटर सप्लाई हेतु राशि 30 करोड का बजट में प्रावधान किया गया है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निजी आवासों गृह निर्माण हेतु 7 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 200 मकानों का निर्माण कराने का लक्ष्य रखा गया है, 181 कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव पारित हुआ।

#### प्रमुख प्रस्ताव जिन पर निर्णय लिए गए

वार्ड क्र 3 में सेकेण्डरी कलेक्शन एण्ड सेग्रीगेशन सेंटर निर्माण अनुमानित लागत राशि 95.41 लाख रुपये, लोक निर्माण, जलकार्य, कार्यालय एवं अन्य कार्य हेतु उच्चकुशल, कुशल, अर्धकुशल एवं अकुशल 49 श्रमिक आपूर्ति हेतु अनुमानित लागत राशि 80.49 लाख रुपये, जलकार्य एवं अन्य कार्य के लिए उच्चकुशल, कुशल, अर्धकुशल एवं अकुशल 51 श्रमिक आपूर्ति हेतु अनुमानित लागत राशि 79 लाख रुपये, सम्पत्ति कर का नामांतरण शुल्क वर्तमान निर्धारित राशि 500 से 1000 रुपये तक की वृद्धि किये जाने पर विचार, सब्जी मंडी में स्थित वाहन पार्किंग शुल्क वसूली कार्य को ठेका पद्धति के माध्यम से दिये जाने के संबंध में निर्णय, वार्षिक भाड़ा मूल्य की दर निर्धारण वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये सम्पत्ति कर की वसूली हेतु निर्णय शामिल रहा। सामान्य सभा में उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, पार्षद डिकेश पटेल, उमाकांत साहू, अश्वनी देशलहरे, लता साहू, उमेश्वरी साहू, लेखराम साहू, लोकेश साहू, आर प्रवीण राव, यूजेन्द्र साहू, हरिदास वैष्णव, विकास सोनकर, ओमनारायण वर्मा, अनुराग गुप्ता, डिकेन्द्र साहू, ओंकार मारकंडे, युगेश्वर पटेला, रितिका यादव, निर्मला कुर्रे, जानकी ध्रुव, हेमलता धीवर, ममता साहू, लता खैरवार, ललिता ध्रुव सहित पालिका अधिकारी हरिकिशन पावरिया, अतुल, विशाल साहू, सोमनाथ देशमुख, नितिन श्रीवास, छाया साहू, एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री की सभा में जिला के भाजपा कार्यकर्ताओं ने की शिरकत



बिलासपुर आगमन पर प्रधानमंत्री मोदी का पूर्व विस अध्यक्ष पांडेय ने किया स्वागत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- पांच सौ बसों को प्रशासन ने किया था अधिग्रहीत

करोड़ों रुपए के विकास कार्यों को हरी झंडी दिखाने आए प्रधानमंत्री मोदी की बिलासपुर की सभा में दुर्ग जिला की भी भागीदारी रही। यहां से भाजपा कार्यकर्ता और पांच सौ बसें बिलासुपर भेजी गईं। सभा में शिरकत करने जाने वालों के लिए भिलाई से पांच सौ बसें रवाना हुईं। रविवार को बिलासपुर में पीएम मोदी ने नया रायपुर से अभनपुर रेल लाइन, पीएम आवास और गैस पाइप लाइन का उद्घाटन किया। पीएम की सभा में बिलासपुर के अलावा दुर्ग जिला के कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। पीएम की सभा के लिए आरटीओ दुर्ग द्वारा भिलाई की पांच सौ स्कूली बसों को शुक्रवार और शनिवार को अधिग्रहित किया गया था।

इन बसों को बिलासपुर जिला के गांवों से भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों को सभा मे ले जाने के लिए शनिवार को गंतव्य स्थलों की ओर रवाना किया गया। सभी बसों को बीएसपी सीनियर सेकंडरी स्कूल मैदान सेक्टर 7 में खड़ा किया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने मोदी की सभा को ऐतिहासिक बताते हुए उदघाटित विकास व निर्माण कार्यों को प्रदेश के विकास में मील का पत्थर बताया।

## समाज को आगे बढ़ाने जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिएः पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई

- नगर पंचायत उतई एवं ग्राम करगाडीह में कर्मा जयंती मनाया

नगर पंचायत उतई में नगर साहू समाज द्वारा कर्मा जयंती मां कर्मा सामुदायिक भवन शीतला नगर उतई में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान समाज के महिलाओं द्वारा नगर में कलश यात्रा निकाली गई। समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों, युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समाज के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला साहू संघ नंदलाल साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, तहसील अध्यक्ष पुसूऊ राम साहू, पूर्व अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी, खुमान साहू, अध्यक्ष खिलावान साहू, नगर अध्यक्ष सरस्वती साहू, अध्यक्ष नगर साहू समाज किशोर साहू, उमाशंकर साहू, तुलाराम साहू, द्रोपती साहू, लखन साहू, पदुम साहू, तोषण साहू आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री श्री साहू ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में फैली बुराइयां दूर होती है। समाज के बनाए नियमों का कड़ाई से पालन करने की जरूरत है। दिखावे की प्रवृत्ति समाज के लिए घातक है, इसे रोकना होगा। समाज में समधी भेंट, साड़ी देना, कपड़ा देना, खर्चीली बारात ले जाना ये सब नियम बंद किए जाने चाहिए। समाज में बहुत गंभीर चिंतन करके समाज में क्या कार्य किया जाना है और कैसे समाज के लोगों को आगे बढ़ाना है, इस दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पद पाने के बाद ईर्ष्या और घमंड, अभिमान से दूर रहना चाहिए।



#### प्रतिभावान छात्र है तो समाज को आगे बढ़ाना चाहिए

समाज में कोई गरीब परिवार है और उनके घर में प्रतिभावान छात्र है तो समाज के लोगों द्वारा सहायता करके आगे बढ़ाना चाहिए। आने वाले पीढ़ी को कैसे तैयार करना है इसके लिए चिंतन होना चाहिए। उन्होंने कहा की सामाजिक समरसता होना चाहिए। एक समाज से दूसरा समाज से अच्छा संबंध बनाना चाहिए। सभी समाज से रिश्ता मजबूत करना चाहिए। जिस प्रकार बहते जल निर्मल होता है उसी प्रकार ही समाज की गतिविधियां निरंतर होते रहना चाहिए। इस अवसर बड़ी संख्या समाज एवं अन्य समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।


## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद



**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।


## नहर से छोड़े जा रहे पानी की मात्रा बढ़ाकर जल्द टेल एरिया तक पहुंचाएः जिपं अध्यक्ष सरस्वती



**दुर्ग।** नहरों के कूड़ादान बनने से टेल एरिया में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। कचरे की वजह से तांदुला मुख्य नहर में छोड़े गए पानी का बहाव बाधित हो रहा है इससे टेल एरिया के ग्रामों में अभी भी निस्तारी व पेयजल की समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों की शिकायत पर जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने मौके का निरीक्षण कर जल संकट को देखते हुए छोड़े जा रहे पानी की मात्रा बढ़ाकर जल्द टेल एरिया तक पहुंचाने कहा। श्रीमती बंजारे के अनुसार खेरधा, मुरमुंदा माइनर नहर में अब तक पानी नहीं पहुंच पाया। ग्रामीणों से इसकी जानकारी मिलने पर वे स्वयं वहां गई और मौके से ही तांदुला जल संसाधन विभाग के ईई आशुतोष सारस्वत से बात की इस पर सारस्वत ने उन्हें बताया कि फ्लो कम होने की वजह से थोड़ी दिक्कत हो रही है। इस पर जिला पंचायत अध्यक्ष बंजारे ने उन्हें कहा कि तांदुला मुख्य नहर में छोड़े जा रहे पानी की मात्रा बढ़ाई जाय ताकि टेल एरिया के ग्रामों में जल्द पानी पहुंच सके।

#### नगरीय निकायों ने नहीं दिखाई रूचि

टेल एरिया में पानी छोड़ने के पहले डुन्डेरा, जोरातराई एवं इसके नीचे के क्षेत्र में तांदुला नहर के अंदर फेंके गए कचरे की सफाई को लेकर कोई रूचि नहीं दिखाई। नतीजन अब बहाव में अवरोध आने से निस्तरी के लिए छोड़े गए पानी वाष्पीकरण होकर व्यर्थ जा रहा है, जबकि इसी बहाव में अवरोध को दूर कर वाष्पीकरण रोकने 15-20 वर्ष पहले सैकड़ों करोड़ की लागत से तांदुला मुख्य नहर की लाइनिंग की गई थी।

## अंचल की खबरें

### सेलूद शीतला मंदिर में 125 ज्योति कलश प्रज्जवलित



**सेलूद।** चैत्र नवरात्र प्रारंभ की तैयारी बिरही पूजन के साथ शुरू हो गया है। रविवार को ग्राम सेलूद शीतला में 125 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया। सेवा समिति व शीतला सेवा समिति के द्वारा प्रतिवर्ष चैत्र व कुंवार नवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना पूर्ति के लिए गांव के शीतला में ज्योत प्रज्वलित किया जाता है। ग्राम के प्रमुख लोगों ने 125 ज्योति कलश प्रज्वलित किया। अवसर पर सरपंच खिलेश बबलु मारकंडे, उपसरपंच राकेश साहू, ग्राम सभा अध्यक्ष सुरेन्द्र बंछोर, जवाहर वर्मा, रवि पटेल, राजेन्द्र वर्मा, तारेन्द्र बंछोर, सुरेंद्र कुर्रे आदि उपस्थित थे।

### सुख-समृद्धि के लिए ज्योति कलश प्रज्जवलित



**पाटन।** ग्राम भंसूली (के) मंदिर तालाब में विराजमान माता शीतला मंदिर में 67 मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित पं. यंगेश तिवारी ने विधि विधान से पूजा-अर्चना कर किया। समिति पदाधिकारी एवं ग्रामवासियों ने एक साथ आरती करते हुए ग्रामवासियों की सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली के लिए मंगलकामना किए। जिपं के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक साहू ने हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि की बधाई प्रेषित किए। इस अवसर पर गैंदलाल डहरिया पूर्व जपं, भगवती मुकेश साहू सरपंच, पिंकेश साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, डॉ. केके साहू, महावीर निर्मल, संतोष साहू, रामचरण साहू, पद्मभूषण साहू उपसरपंच, कमलेश साहू, जनार्दन सेन, देवेंद्र मंडल, रामनारायण साहू, मानसिंह साहू, अवध सोनवानी, मुकेश साहू, मिलन सेन, दिलीप सेन, मेहतर डहरिया, सविता साहू, डिगेश्वरी साहू, कामता साहू, शिव निर्मल, बिसहत निर्मल, शीतला मंदिर समिति सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### बाबा दरबार में 171 ज्योति कलश प्रज्वलित



**उतई।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में भक्तों की मनोकामना पूर्ण के लिए चैत्र नवरात्रि पर्व पर 171 ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया है एवं 21 ज्योति कलश पर जंवारा बोया गया। दरबार के लक्ष्मण बाबा एवं पंडित विनय शर्मा द्वारा विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना कर घटस्थापना किया गया। तत्पश्चात नंद पंडा, मनोज पटेल, विनोद साहू, दिनेश साहू, योगेश साहू, हेमलाल साहू, मनसुखा साहू, गुलाब साहू, राजू यादव, पुष्कर साहू, भोलू, खिलेश्वर, चीन्टू, बबलू, गज्जू रायपुरीहा, दानू साहू आदि भक्तों ने मिलकर ज्योति प्रज्जवलित किया। यह जानकारी दरबार प्रतिनिधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।

### पीएमश्री विद्यालय वर्चुअल उदघाटन समारोह



**कुम्हारी।** रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम बिलासपुर में सम्पन्न हुआ, जिसमें तृतीय एवं चतुर्थ चरण के चयनित स्कूलों का वर्चुवल शुभारंभ भी किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में पीएमश्री सेजस कुम्हारी में लगभग 30 से 65 बच्चे एवं 32 शिक्षक प्राचार्य एवं संकुल समन्वय अधिकारी की उपस्थिति रही। प्राचार्य लता रघु कुमार के द्वारा माता सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री के विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम के शुभारंभ का सीधा प्रसारण बच्चों एवं शिक्षिकों के साथ मिलकर देखा। जिसमें बच्चों को पीएम श्री विद्यालय के शुभारंभ की बधाइयां दी गई और उन्हें प्रसाद वितरण किया गया।

### प्रधानपाठक का नवपहल : स्कूल को मिला दीवाल घड़ी



**पाटन।** शासकीय प्राथमिक शाला चंगोरी, संकुल केंद्र बठेना, विकासखंड पाटन के प्रधानपाठक विरेन्द्र कुमार साहू शिक्षादूत ने नव पहल करते हुए विद्यालय के लिए समुदाय से आशीष पुस्तक सदन पाटन के द्वारा पांच नग दीवाल घड़ी दिया है। दीवाल घड़ी का उपयोग विद्यालय में किया जा रहा है। संस्था के प्रधान पाठक से साहू बताते हैं कि सामुदायिक सहभागिता से विद्यालय एवं बच्चों की विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य के लिए जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग एवं विकासखंड पाटन के अधिकारियों ने कार्यों की सराहना की है। संस्था के प्रधानपाठक विरेंद्र कुमार साहू, योगेश्वरी वर्मा, दीपिका बंदे, ललिता कोसरिया, सत्यवती मारकंडे, कृष्णा यादव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चेतन वर्मा एवं सदस्य गण, वर्तमान सरपंच रजनी रामकुमार कुर्रे एवं पंचगण, पूर्व सरपंच यामिनी शेखर वर्मा, पालकगण सभी ने दानदाता के प्रति आभार व्यक्त किया है।


31st MARCH 2025
LIVE
IBC24
Grand news
INDIA TV
#BhilaiCanDo
आइये हिंदू नववर्ष
विक्रम संवत 2082 का
साथ मिलकर स्वागत करें.....
चतुर्थ वर्ष
एक शाम
श्री राम
खाटूश्याम
के नाम
LIVE
कार्यक्रम की शुरूआत
दिनेश लाल यादव निरहुआ
के साथ 6:30 से
छत्तीसगढ़ की लाड़ली बेटी
लोक गायिका
आरु साहू
भोजपुरी सिनेमा के मेगास्टार
पूर्व सासंद, भाजपा
दिनेश लाल यादव
निरहुआ
FREE PASS
प्रमोद त्रिपाठी
जयपुर
हेमंत ब्रजवासी
राइजिंग स्टार सीजन-2
विनर सारेगामापा फैम
भव्य आतिशबाजी एवं
महाप्रसादी वितरण
शाम 8:30 बजे से
LIVE
FREE PARKING
स्थान
सेक्टर-07, हाई स्कूल ग्राउंड भिलाई
जिला-दुर्ग (छ.ग.)
समय : संध्या 7.00 बजे से
आयोजक
अतुल पर्वत
चेयरमेन : भिलाई कैन डू, पर्वत फाउंडेशन
प्रदेश भाजयुमो नेता
: संपर्क सूत्र :
विनीत : भिलाई कैन डू, पर्वत फाउंडेशन
89599 55000, 99933 22924

## खबर संक्षेप



### दुर्ग आइडल की घोषणा से संगीत प्रेमियों में हर्ष

**दुर्ग।** शहर में संगीत प्रेमियों के लिए पुनः दुर्ग आइडल कराए जाने महापौर की घोषणा का छत्तीसगढ़ मंच एवं शहर के समस्त गायक कलाकारों एवं संगीत प्रेमियों ने स्वागत करते हुए महापौर श्रीमती अल्का बाघमार सभापति श्याम शर्मा एवं सांस्कृतिक विभाग प्रभारी हर्षिका संभव जैन एवं पार्षदों के प्रति आभार जताया है। छत्तीसगढ़ मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी उपाध्यक्ष दिनेश जैन एवं कोषाध्यक्ष गुलाब चौहान ने विगत दिनों महापौर से मिलकर शहर में दुर्ग आइडल गायन प्रतियोगिता करवाने की मांग की थी जिस पर महापौर ने उक्त मांग पर सहमति जताते हुए आश्वासन दिया था। महापौर ने दुर्ग आइडल कराए जाने की घोषणा की है। विदित हो कि भूतपूर्व महापौर श्रीमती चंद्राकर के कार्यकाल में दुर्ग आइडल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया था। जिसमें दुर्ग शहर के सभी वार्डों से गायक कलाकारों ने भाग लिया था। जिससे शहर के संगीत प्रेमियों को नगर निगम के माध्यम से एक बेहतरीन अवसर व मंच प्रदान हुआ था। शहर के समस्त संगीत प्रेमियों एवं नागरिकों ने कार्यक्रम को काफी सराहा था और यह कार्यक्रम बेहद सफल रहा।

### सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया हिंदू नववर्ष



**दुर्ग।** सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह में हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में भगवा ध्वज पूजन कर विद्यालय के शिखर में स्थापित किया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष पूनम चंद जैन, प्राचार्य श्रीमती कृपा शर्मा तथा आचार्य, दीदीगण उपस्थित थे । पूजन शंखनाद करते हुए एक दूसरे को उत्साह पूर्वक नव संवत्सर की बधाई दी गई। ज्ञात हो कि नव संवत्सर के अवसर पर विद्यालय को तोरण, रंगोली आदि से सजाया गया है।

### महापौर ने चैत्र नवरात्र की दी बधाई

**दुर्ग।** हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि प्रथम दिन महापौर अलका बाघमार ने वार्ड 14 सिकोलाभाठा स्थित माँ शीतला मंदिर में ज्योति कलश का दर्शन कर शहर व प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने चैत्र नवरात्र, हिन्दू नववर्ष पर शहर एवं प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य शशि साहू, पार्षद सुरुचि उमरे, ललित ठाकुर, लोकेश्वरी ठाकुर, पूर्व पार्षद अरुण सिंह, मनमोहन शर्मा, पूर्व पार्षद शंकर ठाकुर मौजूद रहें।



# अगले साल मिलेगी सिक्सलेन कारीडोर की सौगात, 28 फीसदी कार्य पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राजनांदगांव के टेडेसरा से आरंग तक बनने वाली सिक्सलेन कारीडोर का कार्य तेजी से जारी हैं। ग्रीनफील्ड वाले सिक्सलेन लोहे के ग्रिल से लैस होगी। कुछ जगह छोडकर अन्य जगह कट का प्रावधान नही किया गया हैं। बहरहाल इस प्रोजेक्ट को 2025 में पूरा कर लिया जाना था। लेकिन अब इसे वर्ष 2026 के जून माह तक तैयार करने का टारगेट रखा गया हैं।

बहरहाल टेडेसरा से सिक्सलेन का कार्य पिछले दो माह से जारी है। यहां सडक का कार्य जारी होने से आवागमन को वनवे कर दिया गया हैं। रायपुर दुर्ग से नया रायपुर होकर आरंग तक जाने वाली 92 किमी से ज्यादा लंबी ग्रीनफील्ड सिक्सलेन सड़क का काम 30 जून 2026 तक पूरा हो जाएगा।

नेशनल हाईवे के अधिकारियों ने बताया कि, यह प्रोजेक्ट 3700 करोड रूपए की लागत से तैयार होगा। सडक के किनारो लोहे के ग्रिल से सडक पैक रहेगें। वहीं सडक किनारे वातावरण हरे-भरे रखे जाएंगे। ग्रीनफील्ड वाले इस हाईवे में मवेशियों की एंट्री नही होने से हादसे पर लगाम रहेगा।

## टेड़ेसरा से आरंग तक सिक्सलेन का कार्य तेजी से जारी

### कारीडोर का 28 फीसदी हिस्सा बन चुका

विगत दिनों लोकसभा में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में दुर्ग सांसद विजय बघेल के तारांकित प्रश्न के उत्तर में बताया कि, दुर्ग से आरंग तक 92.23 किलोमीटर लंबे 6-लेन ग्रीनफील्ड राजमार्ग का निर्माण कार्य अभी जारी है। दुर्ग जिले में यह सड़क 40.70 किलोमीटर की बन रही है। इसका 28.55 फीसदी हिस्सा बन चुका है, इसलिए इस प्रोजेक्ट के पूरा होने की संशोधित तिथि 30 जून 2026 निर्धारित की गई है।



### टोल नाके का भी होगा प्रावधान

प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने बताया कि, दुर्ग से आरंग तक चार टोल नाका बनेगें। इसमें टेडेसरा के एंट्री पर और फुंडा, अभनपुर और आरंग को शामिल किया गया हैं। इस सड़क पर दो स्थानों दुर्ग-बालोद सटे हाइवे-7 में सीएसआईटी दुर्ग के पास और दुर्ग-पाटन से सटे हाइवे-22 में फुंडा गांव के पास कनेक्टिंग, एप्रोच रोड इंटरचेंज की सुविधाएं देने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा अभी किसी अन्य जगह पर कनेक्टिंग, एप्रोच रोड अथवा इंटरचेंज की सुविधाओं के विस्तार का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। बहरहाल दुर्ग में दर्जनभर गांव में अधिग्रहण की समस्या बनी हुई है। जिसके कारण कार्य में तेजी नही आ पाई हैं। प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने बताया कि, दुर्ग से आरंग तक चार जगह टोल नाका बनाए जाएंगे।

**समस्या : सिर्फ कागजों में हो रही गुणवत्ता सुधार का प्रयास**

# पूरा सत्र बीत गया लेकिन 1105 स्कूलों में शिक्षकों के हजारों खाली पद नहीं भरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

एकतरफ जहां राज्य शासन स्कूलो में शिक्षा गुणवत्ता को सुधारने का दावा कर रही हैं, वही जिले में शिक्षको के पदों में जबरदस्त कमी बनी हुई है। हालात यह हैं कि, कई स्कूलो में एक या दो शिक्षक के उपर पढाई का पूरा बोझ है। इसके बाद भी रिक्त पदों पर भर्ती नही की जा रही है। यही कारण है कि, पिछले साल राज्य की मेरिट सूची में दसवी में चार और बारहवी से सिर्फ एक ही छात्रा ने ही जगह बनाई थी। वर्ष 2024 25 का पूरा सत्र बीतने को है इसके बाद भी खाली पद नहीं भरे गए।

पिछले दिनों मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति किया गया था। इसके बाद से प्राथमिक स्कूल में शिक्षकों की और भी कमी हो गई है। मिली जानकारी अनुसार प्राथमिक, माध्यमिक, हाई और हायर सेकंड्री के जिले में 1105 स्कूल संचालित हो रहे है। यहां 6470 पद स्वीकृत है। जिसमें 5330 शिक्षक ही कार्यरत है। जबकि 1140 शिक्षको की कमी है। जिसमें एक लाख 61714 बच्चों अपना भविष्य शिक्षको की कमी के बीच गढ रहे है। इन स्कूलों में 1140 शिक्षको की कमी विगत कई सालों से बनी हुई है। शिक्षको की कमी के कारण स्कूलो में गुणवत्ता सुधार में कोई खास परिवर्तन नही आ रहा है। भले ही राज्य शासन द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित की जा रही हो, लेकिन इसका भी कोई खास प्रभाव इन दो सालों में नही दिख रहा है। यही कारण हैं कि शिक्षको के रिक्त पदों में भर्ती की मांग लगातार उठ रही है। इसके बाद शिक्षा विभाग द्वारा कई व्याख्याता शिक्षको को मुख्यालय में अटैंचमेंट कर रखा गया है।

## स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती की उठ रही मांग, सालों से पद खाली

**खास बातें**

- मापदंड में प्रत्येक 35 बच्चों पर एक शिक्षक होना जरूरी
- जिले में पिछले लंबे समय से स्कूलों में भर्ती का अभाव
- 6470 पद हैं स्वीकृत
- 5330 शिक्षक ही कार्यरत



### प्राचार्य और प्रधान पाठक की भी कमी

जानकारी अनुसार प्रायार्य के 147 पदों में सिर्फ 92 कार्यरत है। इसी तरह व्याख्याता के 1353 पदों में सिर्फ 1189 है। वही प्रधान पाठक मिडिल स्कूल के 315 पद में 249 कार्यरत हैं। वही शिक्षक के 1778 में 1733 कार्यरत है। वही प्रधान पाठक प्राथमिक स्कूल के 568 पदों में 445 कार्यरत है। इसी तरह सहा शिक्षक एलबी के 1953 में 1495 कार्यरत है। सहायक विज्ञान व सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाल के 271 में 122 और ग्रंथपाल के 85 पद में सिर्फ 5 पर कार्यरत है। यह प्राथमिक से लेकर हायर सकेंड्री तक की स्थिति है।

### खोल दिए आत्मानंद, यहां भी शिक्षक नहीं

राज्य शासन द्वारा शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल खोल दिया गया है। लेकिन यहां भी स्वीकृत पद और बच्चों के संख्या अनुसार शिक्षको की कमी रहने से कहां तक गुणवत्ता में सुधार आएगी। जानकारी अनुसार जिले में हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम के जिले में 52 स्कूल संचालित है। इसमें 1700 पद स्वीकृत किए गए है। लेकिन कार्यरत सिर्फ 1240शिक्षक है। इस तरह हिन्दी मिडियम में 138 और अंग्रेजी में 271 पद रिक्त है। हांलाकि शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना हैं कि, रिक्त पदों के लिए प्रतिनियुक्ति व संविदा के जरिए पूर्ति की जा रही है। जिसका सत्यापन जारी है।

## युवा संसद महोत्सव में दीपांशु प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आयोजित युवा संसद महोत्सव 2025 का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन विधान सभा में संपन्न हुआ। आयोजन में विभिन्न जिलों से 140 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता का विषय संविधान के 75 वर्ष अधिकार कर्तव्य और प्रगति की यात्रा था। इस विषय पर प्रत्येक प्रतिभागी को 3 मिनट में अपने विचार प्रस्तुत करना था। दीपांशु ने बड़ी प्रखरता के साथ अपनी बात रखी जिसके कारण उन्हें इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह ने उनके इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी अग्रिम शुभ कामनाएं प्रदान की।

कार्यक्रम समन्वयक प्रो जनेन्द्रकुमार दीवान एवं जिला नोडल अधिकारी प्रो तरुण कुमार साहू ने बताया कि छग वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं पद्मश्री अनुज शर्मा और खेल और युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ एवं विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा दीपांशु को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। दीपांशु राष्ट्रीय स्तर संसद भवन में होने वाले युवा संसद महोत्सव 2025 में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। महाविद्यालय परिवार सहित वरिष्ठ प्राध्यापकों डॉ एसएन झा, डॉ अभिनेष सुराना, डॉ. जगजीत कौर सलूजा, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, डॉ एके पाण्डेय, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ राकेश तिवारी, डॉ ज्योति धारकर , सुदेश कुमार साहू ने दीपांशु को बधाई दी हैं।

## पोलसायपारा में बनेगा सामाजिक भवन, किया गया भूमिपूजन



**दुर्ग।** वार्ड 27 पोलसाय पारा में विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से सामुदायिक भवन बनेगा जिससे यहां होने वाले धार्मिक सामाजिक आयोजनो में बैठक व्यवस्था में सहूलियत मिलेगी। उन्होंने दुर्ग के अन्य सामुदायिक भवनो को दुरुस्त करने कहा है ताकि जरूरत पड़ने पर लोग भवन का उपयोग कर सके। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा की वार्ड 27 पोलसाय पारा में 10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण करने महापौर अलका बाघमार एवं सभापति श्याम शर्मा के साथ भूमिपूजन किया। इस दौरान उपस्थितजन को सम्बोधित करते हुए महापौर अलका बाघमार ने कहा कि, अब दुर्गवासियों को विकास को लेकर चिंता की कोई बात नहीं दुर्ग निगम में ट्रिपल इंजन की सरकार आ गई है। दुर्ग में विकास के नये आयाम बनाने काम किया जायेगा। कार्यक्रम में एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, कांशीराम कोसरे, नीलेश अग्रवाल, नरेंद्र बंजारे, शिव नायक, ज्ञानेश्वर ताम्रकार पार्षद कुलेश्वर साहू, लीलाधर पाल, गोविन्द देवांगन, श्रीमति शशि द्वारिका साहू, मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान, विनोद चंद्राकर, संभव जैन, राकेश देवांगन, जीतेन्द्र देवांगन सहित बड़ी संख्या वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

## चैत्र नवरात्रि पर निकाली प्रभात फेरी



**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के संत आशाराम बापू समिति द्वारा प्रभात फेरी हरि नगर कातुलबोर्ड दुर्ग से निकाली गई। प्रभात फेरी के माध्यम से सभी ग्राम वासियों को हिन्दू नववर्ष की शुभकामना दी गई। प्रभात फेरी में हरिनगर के अलावा और भी जगह से सैकड़ों की संख्या में साधक भाई और बहन शामिल थे। समिति द्वारा बताई गई की विश्व सेवा दिवस के रूप में संतआशारामजी बापू का अवतरण दिवस के निमित्त जगह जगह शर्बत वितरण 12 अप्रैल से 19 अप्रैल तक की जायेगी और 19 अप्रैल को अवतरण दिवस बेलौदी आश्रम दुर्ग में धूमधाम से मनाई जाएगी। प्रभात फेरी कार्यक्रम के अंत में आरती प्रसादी के बाद युवा सेवा संघ का पुनः गठन हुआ। जिसमें युवा सेवा संघ के प्रमुख शिवा साहू को भिलाई दुर्ग संघ का प्रमुख बनाया गया।साथ में सभी को पदभार भी दिए गए।

# विकासखंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खेलगांव खम्हरिया के खिलाड़ियों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विकासखंड दुर्ग के अंतर्गत खेलगांव खम्हरिया में जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा क्रीड़ा प्रोत्साहन योजनांतर्गत विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस आयोजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दुलारी देशलहरे सरपंच ग्राम पंचायत खेलगांव खम्हरिया एवं अध्यक्षता टीकाराम साहू उपसरपंच खम्हरिया, विशेष अतिथि बी.आर.साहू (अंतराष्ट्रीय एथलेटिक्स खिलाड़ी) पंच हामीन साहू ने किया। खेलकूद प्रतियोगिता में 14 वर्ष से 19 वर्ष तक के बालक -बालिका ने लंगड़ी दौड़, रस्सीकूद, गेड़ी, फुगड़ी, भौंरा, फुगड़ी एवं संखली खेल में भाग लिया।इस आयोजन में 65 बालक एवं 35 बालिका - 100 खिलाड़ी एवं 8 आफिसीयल समेत कुल 108 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

- लंगड़ी दौड़, रस्सीकूद, गेड़ी, फुगड़ी, भौंरा आदि की हुई स्पर्धा



### सभी विजेताओं का अतिथियों द्वारा पुरस्कृत

प्रतियोगिता में भौंरा खेल में खम्हरिया का साहिल प्रथम रहा तो वही, बालिका वर्ग से खम्हरिया की गीतिका ठाकुर प्रथम स्थान पर रही। रस्सीकूद में खम्हरिया के आकाश साहू प्रथम स्थान पर रहे, बालिका वर्ग से खम्हरिया की डॉली साहू से प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक फुगड़ी में प्रथम स्थान पर नीरज कुमार-पाऊवारा, बालिका-प्रथम-ट्रिपाली पटेल खम्हरिया रही। साथ ही बालक लंगडी दौड़ में प्रथम-वैभव कुमार, युगल किशोर-पाऊवारा, बालिका-प्रथम-हर्षिता देशलहरे रही। साथ ही विजेता खिलाड़ियों को समस्त अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

### खेल युवा कल्याण विभाग की पहल

निर्णायको में तरूण यादव-पीटीआई दीपशिखा विद्यालय उतई, खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग के भरतलाल ताम्रकार (खेलों इंडिया कोच दुर्ग), भूपेंद्र कुमार हिरवानी (एनआईएस कोच), दुष्यंत साहू (सहायक क्रीड़ा अधिकारी अर्जुनी राजनांदगांव) हिमांशु टंडन, नवीन यदु खेल प्रशिक्षक निकुम रहे। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रदीप कुमार भुवाल, योगेश्वर विश्वकर्मा, मोनेष निषाद, दुर्लभ टंडन, तरुण देशमुख, युगल किशोर साहू, संजय साहू, कविता देशलहरे, मोना साहू, कमलेश्वरी डहरे (बीपीएड) कुणाल देवांगन, यश गंधर्व, दुर्गेश सिंह राजपूत एवं समस्त ग्रामवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस पुरे कार्यक्रम का सफल संचालन आयोजन प्रभारी बालकदास डहरे (पीटीआई सेजस फरीदनगर) एवं आभार व्यक्त प्रदीप कुमार भुवाल खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग ने किया।

**ग्रामीण विधायक ने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की सौंपी चाबी**

# पीएम आवास योजना की चाबी सौंपकर कराया गया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत कोलिहापुरी पंचायत भवन में महागृह प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस दिन का महत्व हिंदू नववर्ष, चैत्र प्रतिपदा और नवरात्रि के शुभ अवसर पर और भी बढ़ गया। हजारों ग्रामीण परिवारों ने अपने नवनिर्मित पक्के घर में प्रवेश किया। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दस लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से मकान की चाबी सौंपी और दस अन्य हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने इस योजना को गरीबों और जरूरतमंदों के लिए एक वरदान बताया। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि घर हर व्यक्ति का सपना होता है और यह सपना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए लाखों गरीब परिवारों के लिए साकार हो रहा है। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि दुर्ग जिले ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वाधिक आवासों का निर्माण कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। यह प्रदेश के विकास और इस योजना की प्रभावशीलता का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार और केन्द्र सरकार मिलकर गरीबों और जरूरतमंदों के लिए लगातार काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने न केवल गरीबों को घर दिया, बल्कि महिलाओं के लिए कई योजनाएं लागू कीं, जैसे उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना, और अन्य योजनाओं के माध्यम से उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाया

- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के घरों में हुआ प्रवेश



### कलेक्टर ने दी जानकारी

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने भी इस अवसर पर सभी हितग्राहियों को गृह प्रवेश की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह दिन उन परिवारों के लिए है, जो अब अपने पक्के घर में रहेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में अब तक की गई प्रगति का विवरण दिया। कलेक्टर ने बताया कि अब तक 9203 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है, 5537 आवासों को पहली किश्त और 4409 आवासों को दूसरी किश्त मिल चुकी है। 2313 आवास पूरी तरह से तैयार हो चुके हैं और लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिन लोगों का पक्का घर अभी तक नहीं बन पाया है, वे अपने ग्राम पंचायत में पंजीयन करा सकते हैं, और जिनके आवास अधूरे हैं, उन्हें स्थानीय आवास मित्रों की मदद से जल्द ही पूरा किया जाएगा। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे इस योजना का पूरा लाभ उठाएं और सभी प्रक्रियाओं को सही तरीके से पूरा करें, ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को इस योजना से वंचित न रहना पड़े। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 31 मार्च 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 9755819129



04



बरगंडी ब्यूटीज


## लाइव इवेंट

### महिला फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर्स ने की चर्चा, रंगारंग कार्यक्रम में दिखी जबरदस्त एनर्जी



**भिलाई।** टीम फिजियो हारमोनिया द्वारा महिला दिवस सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ की 100 से ज्यादा महिला फिजियोथेरेपिस्ट शामिल हुईं। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की वरिष्ठतम कार्यरत फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. बिंदु अब्राहम, वरिष्ठ डॉ. दिव्या सिंह, डॉ. प्रिथा अग्रवाल, डॉ. शिखा सिंह, डॉ. नंदना दानी और डॉ. ऋतु दानी सहित कई अनुभवी डॉक्टर मौजूद रहीं। खास बात यह रही कि इस आयोजन में 1993 से 2020 तक के बैच की महिला फिजियोथेरेपिस्ट एक साथ जुड़ीं।

#### संस्कृतिक कार्यक्रम और नारी शक्ति को सलाम

कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा दीप प्रज्वलन और बाल कलाकार इरा पंडित और सिद्धी कठारे की सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद डॉ. क्षिप्रा पाटणकर ने स्वागत भाषण दिया।

कार्यक्रम में परिचय सत्र के बाद गायन, नृत्य और स्टैंड-अप कॉमेडी जैसी शानदार प्रस्तुतियों ने सभी को बांधे रखा।

#### महिला फिजियोथेरेपिस्ट के योगदान पर चर्चा

कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी डॉ. गरिमा तिवारी अपनी टीम के साथ शामिल हुईं और आईएपी के महत्व पर चर्चा की। इसके अलावा, मनोरंजक खेल हुए। मंच संचालन डॉ. कुमकुम डे और डॉ. श्वेता देशलहरा ने किया। इस अवसर पर डॉ. दीपिका, डॉ. रोमा और डॉ. नेहा बत्रा ने प्रदेशभर से आईं महिला फिजियोथेरेपिस्ट का स्वागत किया।

## सिटी इवेंट

### डिसेबल बच्चों ने कराओके की सुमधुर धुन पर दी आकर्षक प्रस्तुति, खिल उठे चेहरे




**भिलाई।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया भिलाई इकाई द्वारा दृष्टि बाधित स्कूल नयनदीप विद्या मंदिर भिलाई के बच्चों के साथ होली मिलन का आयोजन किया गया। इस होली मिलन में यूथ हॉस्टल्स का ध्येय सूत्र होली के रंग,यूथ हॉस्टल्स के संग-बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और उमंग रहा। आयोजन की जानकारी देते हुए भिलाई इकाई के चेयरमेन के. सुब्रमण्यम ने बताया कि इस होली का उद्देश्य सिर्फ रंगों से खेलना नहीं रहा बल्कि समाज की मुख्य धारा से उपेक्षित बच्चों के जीवन में खुशियां, प्यार और आशा के रंग भरना रहा। दिव्यांग बच्चों के साथ आत्मीय और पारिवारिक माहौल में उनका उत्साहवर्धन रहा। यूथ हॉस्टल्स उन बच्चों के साथ होली खेलकर उनके चेहरे पर मुस्कान और आत्मबल भरना चाहता था। इस अवसर पर बच्चों द्वारा कराओके की सुमधुर धुन पर आकर्षक प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का उद्घाटन किया गया। बच्चों से कर्णप्रिय गाने सुनकर यूथ हॉस्टल्स के सदस्य आश्चर्यचकित और मंत्रमुग्ध हो गये। यूथ हॉस्टल्स द्वारा बच्चों का मुंह मीठा कर उनके जीवन में होली के मनभावन रंगों के स्थायित्व के लिए शुभकामना व्यक्त की गई। आयोजन में यूथ हॉस्टल्स भिलाई इकाई सचिव सुबोध देवांगन, कोषाध्यक्ष हेमलाल देवांगन, ईपीसी प्रभारी पी.के. सिंह , सविता सिंह, के. सिंधु, निखिल त्रिपाठी और काशवी त्रिपाठी सहित नयनदीप विद्या मंदिर की प्राचार्य श्वेता महोबिया, सहायिका संतोषी सिन्हा, छात्रगण आनन्द, छवि, थानेश, पीयूष, अनमोल, निखिल, विनय, हिमांशु, भूषण, और डॉली उपस्थित रहे।

## सिटी लाइव

### अभा उड़िया समाज के संरक्षक और पूजा प्रभारी की नियुक्त



भिलाई। अखिल भारतीय उड़िया समाज द्वारा रविवार को खुर्सीपार स्थित वार्ड 51 के केन्द्रीय कार्यालय में उत्कल दिवस पर महारैली निकालने को लेकर बैठक रखी गई। इस दौरान सामाजिक बंधुओं द्वारा बातचीत कर रैली निकालने को लेकर सहमति बनी। इसके अलावा समाज के सक्रिय सदस्य कृष्णा सोना को संरक्षक और हेतुराम दीप को मंदिर समिति का पूजा प्रभारी नियुक्त किया गया। इनकी नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी की अनुशंसा पर महासचिव तरुण निहाल ने दुर्ग जिला अध्यक्ष शंकर निहाल, भिलाई अध्यक्ष पुरनचंद्र नायक की सहमति पर घोषणा किया गया। बैठक में दया निधि विभार, दीपक सोना, आशीषनंदा मनोज दीप, उमेश दीप, रमेश सागर, धर्मेन्द्र सिक्का, धरम हरपाल, प्रदीप हरपाल, चितरु विभार, बलवीर क्षत्रिय समेत अन्य शामिल थे।

---

चैत्र नवरात्र में मनाया गुड़ी पड़वा, उगादी व साईं झूलेलाल का पर्व चेट्रीचंड्र उत्सव

# नवरात्रि के साथ आई त्योहारों की त्रिवेणी, आस्था व विश्वास के साथ प्रज्ज्वलित हुए मनोकामना ज्योत

भारतीय पंचांग अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा रविवार को हिंदू नववर्ष सभी समाज के लोगो द्वारा अपने अपने रीति-रिवाज के अनुसार मनाया गया। चैत्र नवरात्रि अपने साथ त्योहारों की त्रिवेणी लेकर आई। हिंदू नववर्ष पर महाराष्ट्रीयन समाज ने गुड़ी पड़वा, दक्षिण भारतीय समाज ने उगादी तो सिंधी समाज ने चेट्रीचंड्र मनाया। पर्व का नाम भले ही अलग-अलग है, लेकिन लोगों का उत्साह एक सा रहा। नवरात्र के साथ ही देवी मंदिरों में नौ दिनों तक अराधना का दौर शुरू हो गया। नवरात्र के पहले दिन प्रतिपदा को माता का सोलह श्रृंगार हुआ। पूरे दिन मंदिरों की रौनक रही। मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित करने के साथ ही मंदिरों में नवरात्र पूजन की शुरुआत हुई।



**भिलाई।** भिलाई। भिलाई टाउनशिप में सेक्टर 6 स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर, सेक्टर 7 में महाराणा प्रताप भवन के आदिशक्ति मां जगदम्बा मंदिर, सेक्टर 1 के शारदा माता मंदिर, सेक्टर 9 हॉस्पिटल परिसर में संकटमोचन हनुमान मंदिर में विराजित मां अंबे, पावरहाउस चौक के राजराजेश्वरी मंदिर, केम्प 2 शीतला मंदिर, सुपेला के शीतला मंदिर, खुर्सीपार के दुर्गा मंदिर सहित भिलाई-3 में शीतला, महामाया सहित अन्य देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया। इसके साथ ही देवी दर्शन और पूजन के लिए भक्तों की भीड़ इन मंदिरों में उमड़ने लगी है।

### शुभ मुहूर्त में हुई घट स्थापना, सुबह से लगी भक्तों की भीड़

देवी आराधना का चैत्र नवरात्रि पर्व आज से शुरू हो गया। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व के पहले दिन आज भिलाई - दुर्ग के विभिन्न मंदिरों में विधि विधान के साथ शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ ज्योति कलश प्रज्वलित की गई। देवी भक्तों में आज नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में पहुंचकर देवी दर्शन और पूजा अर्चना करने होड़ सी मची रही। वहीं आज से शुरू हो रहे हिंदू नववर्ष की लोगों ने एक दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### रूप कई लेकिन अर्थ एक ही

ट्विनसिटी में विभिन्न धर्म व समाजों के लोग रहते है जहां सभी अपने-अपने रीति-रिवाजों से त्यौहारों को सेलिब्रेट करते है। चैत्र नवरात्र पर तेलगू समाज द्वारा आंध्र प्रदेश का नववर्ष उगादि के रूप में मनाया। तो वहीं मराठी परिवारों में अपना नया साल 'गुड़ी-पड़वा' के रूप में सेलिब्रेट किया। सिंधी समाज द्वारा साईं झूलेलाल की पांच दिवसीय जंयती का भव्य आयोजन भी किया जा रहा है।नवरात्रि के नौ दिन माता दुर्गा के नौ रूपों शैलपुत्री, ब्रम्हचारणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि और महागौरी के स्वरूपों की उपासना के दिन माने जाते हैं।

### उगादि पर बांटी खुशियां

तेलगु परिवारों का नववर्ष का आरंभ भी चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को हो गया। शांति नगर निवासी शिल्पी ने बताया कि चैत्र प्रतिपदा को उगादि या युगादी कहते हैं। आंध्र प्रदेश में यह पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन को फसलों के पकने की खुशी में मनाते हैं साथ ही कच्चे आम, नीम के फूल, इमली, गुड़ आदि को मिलाकर इस दिन घरों में एक विशेष प्रकार का पेय पदार्थ पच्चड़ी या प्रसादम बनाया गया और इसे प्रसाद के तौर पर सभी को बांटा गया। ताकि पूरे साल एक दूसरे के साथ खट्टे-मीठे रिश्तो के अनुभवों का तालमेल बना रहे।।



### आंगन में सजाई गुड़ी

चैत्र माह की पहली तिथि को महाराष्ट्रीयन परिवारों द्वारा गुड़ी पड़वा मनाया गया। गुड़ी का अर्थ होता है विजय पताका। इस दिन घरों में पूरन पोली, गुझिया आदि से मुंह मीठा कर घर के आंगन में गुड़ी बनाकर पूजा कर बड़ों का आर्शिवाद लिया।





### खंडेलवाल समाज ने किया दंड व ध्वज पूजन

खंडेलवाल समाज दुर्ग द्वारा नवरात्रि के प्रथम दिन गांधी चौक स्थित राम मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान दंड एवं ध्वज पूजन का भी किया गया। समाज के युवा मंडल महिला मंडल एवं खंडेलवाल समाज के अनेकों सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए एकता और प्रकृति के लिए काम करते रहने को कहा। इस दौरान समाज के प्रमुख संतोष, प्रदीप, अरविंद, विष्णु, आशीष, आनंद, नितेश, हेमंत , सारंग खंडेलवाल, अनिल गुप्ता के अलावा युवा मंच से नमन, निखिल, मयंक, आदित्य, रौनक, गौरव, विनय खंडेलवाल और महिला मंडल की आराधना, बबीता, सरस्वती, रचना, कविता खंडेलवाल, सीमा गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



---

# जिम्मेदारी निभाने से हमें माता-पिता का आशीर्वाद मिलता है, उनसे कुछ भी न छुपाएं

**भिलाई।** हम चले सूरज की ओर, हम पे बड़ी जिम्मेंवारी देख रही दुनियां सारी जैसे गीतों पर बच्चों ने एक्सरसाइज कर आज तीसरे दिन सेक्टर 7 पीस ऑडिटोरियम में मेडिटेशन सत्र की शुरुआत की। ब्रह्माकुमारी पूजा दीदी ने बताया कि हमारे श्रेष्ठ सकारात्मक विचारों से मन शांत होगा और आत्मिक शक्ति बढ़ती है। व्यर्थ बातों और बुरे संग से अपने को संभाल करे रखें। उन्होंने कहा कि राजयोग मेडिटेशन द्वारा परमात्म संग में रहेंगे तो हर कर्म श्रेष्ठ होगा।

भिलाई सेवाकेंद्रो की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने बच्चों को समय का महत्व, आज्ञाकारिता और जिम्मेंदारी के गुण के बारे में बताया कि समय पर हर कार्य करने का महत्व होता है, घर में स्कूल बैग और अन्य सामान अपनी जगह रखे। माता-पिता की हर बातें माने, उनसे कुछ छिपाए नहीं, विश्वासपात्र और जिम्मेंदार बने। जिम्मेदारी निभाने से हमें माता-पिता की आशीर्वाद और जीवन में सफलता मिलती है।



सभी बच्चे मेडिटेशन रूम में 5 मिनट साइलेंस में एकाग्र होने के बाद ही पीस ऑडिटोरियम में प्रवेश कर रहे है। जिसे वह घर पर भी सोने के पूर्व और सुबह प्रैक्टिस कर रहे है। कार्यक्रम के अंत में कैंप में जो भी सिखा उसका सभी बच्चों ने एक साथ सुंदर गीतों को गाकर रिवीजन किया। सभी बच्चे हर रविवार को सुबह 8 से 10 बजे तक चलने वाले डिवाइन ग्रुप की क्लास में आ सकते है, जिसमें उन्हें स्व उन्नति चार्ट, विकली होमवर्क, मेडिटेशन का अभ्यास कराया जाएगा।

# हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता में कर्मचारियों ने लिया हिस्सा, वंदना व प्रभूलाल पुरस्कृत

**भिलाई।** केन्द्रीय सचिवालय हिंदी परिषद नई दिल्ली द्वारा आयोजित अखिल भारतीय हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता (हिंदी भाषी एवं हिंदीत्तर भाषी सरकारी कर्मचारियों के लिए) एक साथ आयोजित किया गया था। जिसमें अखिल भारतीय हिंदी भाषी क्षेत्र में एचएससीएल के वंदना चौधरी द्वितीय पुरस्कार एवं प्रभूलाल को तृतीय पुरस्कार के रूप में प्रतीक चिन्ह, नकद राशि एवं प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। वंदना चौधरी एवं प्रभूलाल को यह पुरस्कार नई दिल्ली में प्रदान किया गया। केन्द्रीय सचिवालय हिंदी परिषद एवं केन्द्रीय जल आयोग, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राजभाषा संगोष्ठी एवं अखिल भारतीय वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. सुमेर सिंह सोलंकी, सांसद राज्य सभा एवं सदस्य संसदीय राजभाषा समिति, विशिष्ट अतिथि डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा अध्यक्ष केन्द्रीय जल आयोग पदेन सचिव भारत सरकार एवं अमिताभ खरे पूर्व मुख्य कार्यकारी निदेशक रेल्वे भर्ती बोर्ड उपस्थित थे।



---

महिला सशक्तीकरण और मानवाधिकारों का अलख जगाने 25 महिलाएं हुईं सम्मानित

कार्नर न्यूज

# मानवाधिकारों का हनन होने पर थाने में सीधे दर्ज कराएं रिपोर्ट, महिलाओं से पंगा लेना पड़ेगा भारी





**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मानवाधिकार फाउंडेशन द्वारा महाराणा प्रताप भवन में महिला सशक्तीकरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने शिक्षाविदों, अधिवक्ताओं, पुलिस अधिकारियों, समाजसेवियों की मौजूदगी में एक परिचर्चा आयोजित की गई। परिचर्चा में जहां नए कानूनों के अनुसार मानवाधिकारों को सशक्त बनाने का जिक्र किया गया, वहीं महिलाओं को अधिकारों का हनन होने पर थाने में फौरन रिपोर्ट दर्ज करने की सलाह दी गई। इसके अलावा महिलाओं को किसी भी दबाव में आए बिना अवसाद में आकर खुदकुशी जैसे कठोर कदम न उठाने की नसीहत भी दी गई। इस दौरान मानवाधिकारों का अलख जगाने वाले प्रमुख व्यक्तियों के साथ-साथ 25 से ज्यादा महिलाओं को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

### सरकारी योजनाओं का लाभ मिले: रामटेके

फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष लव कुमार रामटेके ने परिचर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का महिलाओं को किस तरह लाभ मिले, इस मिशन पर हम काम कर रहे हैं। चाहे किसी भी पार्टी की सरकार हो, उसकी योजनाओं की सही जानकारी होने से ही महिलाएं आगे बढ़ सकती हैं। पूर्व सीएसपी वीरेंद्र सतपथी ने पौराणिक कथाओं के अंश को उद्धृत करते हुए कहा कि मां दुर्गा, मां लक्ष्मी और मां सरस्वती के पास सारी शक्तियां हैं। इन्हीं माताओं से शक्तियां प्राप्त कर देवतागण अपने उद्देश्य में सफल हुए हैं।

### महिलाओं से पंगा लेना पड़ेगा भारी: मोनिका

टीआई, दुर्ग मोनिका पांडे ने कहा कि मानवाधिकारों का हनन होने पर थाने में सीधे रिपोर्ट दर्ज कराएं और बाकी काम पुलिस पर छोड़ दें। अब वो जमाना नहीं रह गया कि थाना जाने से बदनामी होगी। महिलाएं अब जागरूक हो गई हैं, उनसे पंगा लेना भारी पड़ेगा। जब तक हम अन्याय सहते रहेंगे, तब तक हमें परेशान किया जाएगा। पूर्व शिक्षाधिकारी रजनी नेलसन ने शिक्षा को मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता लाने का सबसे सशक्त माध्यम बताया।

### विचार मंथन में ये भी हुए शामिल

परिचर्चा में वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवास्तव, स्वरूपानंद महाविद्यालय की प्राचार्या हंसा शुक्ला, शिक्षाविद डीएन शर्मा, आंध्र साहित्य समिति के सचिव पीएस राव, उपाध्यक्ष बीए नायडु, तेलुगु सेना के प्रदेशाध्यक्ष नीलम चन्ना केशवलु, आंध्र महिला मंडली की अध्यक्ष पेरी पद्मा, मीडिया प्रभारी टी सहदेव, अशोक गुप्ता तथा विकास जायसवाल ने भी भाग लिया। इस अवसर पर तेलुगु सेना के जिलाध्यक्ष डी मोहन राव, डी गोपीवेणी, शेखर राव, जी रामाराव, शशि रेखा, रश्मि सागर, प्रीति चौबे, अंजू आचार्या, जी सरस्वती, संगीता राव, पीएस बोस, डी नागमणि तथा डी सुजाता समेत डेढ़ सौ से ज्यादा लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता डी नागमणि ने किया।

## सिटी इवेंट

# पर्यावरण बचाएं और एक सुंदर भविष्य की नींव रखें: रश्मि



■ पर्यावरण एवं मानव जीवन संतुलन जरुरी

**भिलाई।** पर्यावरण और मानव जीवन एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि हम प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन कठिन हो जाएगा। वनों की कटाई, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, और प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग हमारे पर्यावरण को धीरे-धीरे नष्ट कर रहे हैं। यह बातें बेटी बचाओ मंच दुर्ग अध्यक्ष रश्मि अग्रवाल ने चर्चा के दौरान कही। प्राकृतिक संतुलन के महत्व पर रश्मि ने कहा कि मानव जीवन के लिए शुद्ध वायु, स्वच्छ जल और हरियाली बहुत जरुरी हैं। जब पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता है, तो इसके प्रभाव जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, सूखा और बाढ़ के रूप में सामने आते हैं। यदि हम समय रहते सचेत नहीं हुए, तो हमें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पर्यावरण संरक्षण के लिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। जल संरक्षण की दिशा में पानी की बर्बादी को रोकें और वर्षा जल संचयन को अपनाएं। प्लास्टिक का प्रयोग कम करें कपड़े या जूट के थैलों का उपयोग करें। ऊर्जा बचाने के लिए सौर ऊर्जा और अन्य अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाएं। पर्यावरण शिक्षा देकर बच्चों और समाज को पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक कर सकते है। रश्मि ने सभी से अपील करते हुए कहा कि यदि हम अपने दायित्व को समझें और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाएं, तो हम एक स्वस्थ और खुशहाल भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं। एक छोटा सा प्रयास भी हमारे पर्यावरण को बचाने में बड़ा योगदान दे सकता है।

## सिटी लाइव

# उद्यायानों की स्थानीय निवासी कर रहे देख-रेख, कहा मेरा शहर, मेरी जिम्मेंदारी



**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में डेढ़ सौ से अधिक उद्यान है। सभी उद्यानों का रखरखाव एवं मेंटेनेंस का काम करना एक बड़ी जिम्मेदारी है। लोगो के उत्साह को देखते हुए निगम ने उद्यानों का उपयोग वहां के स्थानीय निवासियों द्वारा किये जाने की जिम्मेंदारी दी है। नगर निगम भिलाई द्वारा बहुत सारे उद्यानों को व्यवस्थित करके वहां के स्थानीय निवासियों को समिति बनाकर के दिया जा रहा है। इसमें स्थानीय निवासी भी बहुत ही खुशी-खुशी इस कार्य को करने के लिए तैयार हो रहे हैं। इसमें दोनों पक्ष की भागीदारी हो रही है। शासन से भी दिशा निर्देश प्राप्त है की जन भागीदारी से कार्यों को करना ज्यादा हितकारी है। उद्यान विभाग के प्रभारी अध्यक्ष नेहा साहू भी लोगों से मिलकर के प्रोत्साहित कर रही है। नेहरू नगर निवासी गीता मोदी ने बताया कि हमारे बगल में स्थित मिलेनियम पार्क बहुत ही आकर्षक हो गया है। हम सब महिलाएं बैठकर के यहां पर भजन-कीर्तन रामायण करती हैं, हम लोग यहां सुबह योग प्राणायाम करते हैं। मीटिंग भी करते हैं। निगम के अधिकारी तुलेश्वर साहू पार्षद चंदेश्वरी बांधे बहुत सहयोग कर रही हैं। कोई भी बाहरी असामाजिक सामाजिक लड़के लड़कियां घूमते हुए मिलते हैं हम सब महिलाएं समूह बना करके जाती हैं उनको भगा देती हैं। अब उनका आना कम हो गया है। इसकी इसकी जिम्मेदारी हम सब लेने के तैयार हैं। इसका देखरेख करेंगे पानी डालेंगे। शिवाजी, मिलेनियम, महाराणा प्रताप, पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी, पिंक गार्डन, शास्त्री पार्क, हैप्पी गार्डन, सम्राट अशोक उद्यान, कोहका गार्डन, परी गार्डन इत्यादि अभी मोर शहर मोर जिम्मेदारी के अंतर्गत देने के लिए प्रमुख रूप से तैयार उद्यान है। महापौर नीरज पाल ने भी स्थानी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में लोग रुचि लेकर अपने क्षेत्र के उद्यानों का देखरेख करने को कहा है। इससे हमारा शहर व्यवस्थित रहेगा, निगम भी उसमें भरपूर सहयोग करेगा।

## लाइव इवेंट

# मॉक प्लेसमेंट में छात्रों को मिला साक्षात्कार प्रक्रिया का अनुभव



**भिलाई।** भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दुर्ग के इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग छात्र संघ द्वारा दो दिवसीय मॉक प्लेसमेंट, प्लेसेनैरियो 2.0 का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों को वास्तविक प्लेसमेंट प्रक्रिया के लिए तैयार करने किया गया था। इस आयोजन में ईईई व ईसीएस सेकंड ईयर से लेकर अंतिम वर्ष के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जहाँ उन्हें वास्तविक साक्षात्कार प्रक्रिया का अनुभव प्राप्त हुआ। इसमें विभिन्न विभागों के प्रोफेसर द्वारा विजेताओं का चयन किया गया साथ ही छात्रों को प्लेसमेंट प्रक्रिया के विभिन्न चरणों से अवगत कराया। इस दो दिवसीय आयोजन में मुख्य रूप से एप्टीट्यूड टेस्ट, ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू सिखाया गया। पहले चरण में छात्रों का एप्टीट्यूड टेस्ट लिया गया, जिसमें गणितीय क्षमता, तार्किक विश्लेषण और सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे गए। एप्टीट्यूड टेस्ट में सफल प्रतियोगियों को ग्रुप डिस्कशन राउंड हुआ जिसमें छात्रों को अपने विचार स्पष्ट और तार्किक रूप से प्रस्तुत करने का अवसर मिला। अंतिम चरण में व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्रतिभागियों की तकनीकी और व्यवहारिक दक्षता का मूल्यांकन किया गया। जजों ने प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, तकनीकी ज्ञान और समस्या समाधान कौशल की सराहना की। तीनों चरणों में अपने हुनर का प्रदर्शन कर मॉक प्लेसमेंट इवेंट में आशुतोष दुबे प्रथम, आकृति शुक्ला द्वितीय तथा प्रभांशु देवांगन तृतीय रहे तथा विजेताओं को मोमेंटो से सम्मानित किया गया।

● घर की जिम्मेदारियों के बीच ईद की खरीदारी के लिए भी निकाल रहीं वक्त

# माहे रमजान की विदाई और ईद की तैयारियों के बीच मुस्लिम महिलाओं की बदली दिनचर्या, जारी है इबादत भी

**भिलाई।** माहे रमजान की विदाई के साथ ही मुस्लिम समुदाय की महिलाएं ईद उल फितर की तैयारियों में व्यस्त हो गई हैं। ज्यादातर महिलाओं के लिए रोजे के दौरान सेहरी-इफ्तार तैयार करने के अलावा ईद के लिए जरूरी खरीदारी करने भी वक्त निकालना होता है। इन सब के लिए बीच माहे रमजान की खास इबादतों पर भी मुस्लिम महिलाएं जुटी हैं।

### रमजान की मसरूफियत के बीच इबादत जारी: कहकशां

जोन-3 खुर्सीपार निवासी कहकंशा अजीम कहतीं हैं रोज़ा फ़र्ज़ है। हर बालिग मर्दों और औरतों पर हर इबादत फ़र्ज़ है ताकि अल्लाह की नेक बंदी बनकर हम भी जन्नत के मुस्तहिक हो। मगफिरत का महीना यही पैगाम देता है। घरेलू काम हो, नौकरी पेशा हो, जिंदगी में अल्लाह का डर होना चाहिए। सबके साथ इंसाफ करना और अपने परिवार का देख-रेख करना भी पाक दामन रहना भी इबादत है। पूरे रमजान सहरी व इफ्तार बनाने की मसरूफियत रही। अब ईद की तैयारियां अंतिम दौर में है।



### ईद की तैयारी ने बढ़ाई व्यस्तता: आरिफा



रूआबांधा निवासी आरिफा इकबाल कहती है रमजान का पूरा महीना इबादत का रहा, रोजा रखने और रात में नमाजे तरावीह की पाबंदी के साथ थोड़ा समय बदलना पड़ा। सेहरी की आधी तैयारी रात में करनी पड़ी लेकिन दिन में खाना नहीं पकाना पड़ता है तो कुरान की तिलावत और घरेलू काम का समय मिल गया। पूरे रमजान शाम में 4 बजे से इफ्तार बनाने की तैयारी में जुटना पड़ा और अब रमजान के आखिरी अशरे (दस दिन) में कुछ और मसरूफियत बढ़ गई है। क्योंकि अब सामने ईद उल फितर का त्यौहार है। ऐसे में शॉपिंग भी जरूरी है। इन सब वजहों से वक्त कब बीत गया पता ही नहीं चला। आरिफा इकबाल कहती हैं पूरे रमजान हमें अपने पड़ोसियों का भी ख्याल रहा और इफ्तार व सहरी में उनका हिस्सा भी लगाना नहीं भूले।

### महीने भर का रोजा रखा इनाया ने



माहे रमजान में जहां बड़े लोगों ने खूब इबादत की और तमाम रोजे रखे, वहीं बच्चे भी पीछे नहीं रहे। बीएसपी ईएमएमएस सेक्टर-7 से हाल ही में प्रथम श्रेणी में क्लास-7 उत्तीर्ण होने वाली इनाया शेख ने इस साल माहे रमजान में पूरे रोजे रखे। सेक्टर-7 निवासी इनाया शेख ने बताया कि रोजे की हालत में ही उन्होंने अपना एग्जाम भी दिया। इनाया बताती हैं कि पूरे रोजे रखने में उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हुई और वह रोजे रखने के साथ नमाज और तिलावत सहित दूसरी इबादतें भी करती रहीं। इनाया अब ईद की तैयारियों में जुटी है।

### ऑन लाइन जॉब के साथ जारी रही इबादत: सबा



जोन-1 खुर्सीपार निवासी कम्प्यूटर साइंस इंजीनियर सबा कुरैशी कहतीं हैं कि इस पूरे माह में डूब कर इबादत करने,लोगों के साथ गमखारी, हमदर्दी, भूखों और प्यासे लोगों की तकलीफ़ का एहसास पैदा हुआ। जॉब में होने की वजह से अपने ऑफिस का काम ज्यादातर ऑनलाइन कर रहे हैं। सबा कहती हैं- हर बालिग को रोज़ा रखना चाहिए क्योंकि ये फ़र्ज़ है। रोजा रखने के साथ हमे इसके मकसद को समझना चाहिए। औरतों को भी अपना ध्यान रखना चाहिए। फल, नारियल पानी और शरबत को जरूर अपनी सेहरी-इफ्तार में शामिल करना चाहिए। मैं इफ्तार में मिल्क कस्टर्ड,पनीर पकोड़ा और रोज अलग अलग कुछ नई डिश बनाती रही हूं। तमाम इबादतों के साथ अब ईद की तैयारियों के लिए भी वक्त निकाल रहे हैं।

### काम बढ़ा लेकिन यह सब खुशी से बर्दाश्त: नफीस

जोन-3 खुर्सीपार निवासी नफीस असलम कहती हैं रमजान बरकतों, रहमतों ,मगफिरत और माफी का महीना है। इस दौरान रोजा रखने के साथ खूब इबादत करते रहे। नफीस कहती हैं- औरतों के लिए इस महीने काम का बोझ थोड़ा ज्यादा होता है लेकिन इसे खुशी से बर्दाश्त करना चाहिए।

### इबादत और ईद की तैयारी साथ-साथ:सबा



खुर्सीपार निवासी नूरूस सबा कहती हैं रमजान मुबारक बहुत ही बरकतों का महीना है। इस महीने में इबादत का अर्ज़ बढ़ा दिया जाता है औरतों के काम रोजमर्रा के होते हैं। इसमें इफ्तार और सहरी बनाने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। ईद की तैयारी भी आखिरी अशरे में शुरू हो गई। हम औरतों को इबादत में नमाज़, तिलावत कुरान और ज़िक्र अजकार दरूद शरीफ पढ़ने में वक्त लगाना चाहिए। नूरूस सबा का कहना है कि इबादत के साथ ईद की तैयारियां भी जारी है।

### रमजान की इबादत और ईद की तैयारी जारी: जमाल



जोन-2 एमपीआर रोड निवासी शन्नो खालिद जमाल कहतीं हैं रमजान में पूरे महीने सुबह 3.30 बजे उठते रहे। सेहरी में दूध और पराठे, चाय ओर कभी कभी सब्जी चावल भी बनाते रहे। इस पूरे रमजान मुबारक में औरतों को समय एडजस्ट करना पड़ता है अपनी इबादत भी में कमी नहीं आने दी। अक्सर औरतें इबादत में पीछे हो जाती है पकाने रसोई में रहने के साथ कुरान मजीद की तिलावत करना और ज़िक्र अजकार व दरूद शरीफ पढ़ते रहना चाहिए। श्रीमती जमाल कहती हैं रमजान की इन तमाम मसरूफियतों के बीच अब ईद की तैयारियां भी उसी उत्साह से जारी है।

## देवी कथा का आयोजन

# देवी भागवत पुराण कथा सुनने से मानव मात्र को संसार चक्र से मिलती है मुक्ति



**भिलाई।** प्रगति नगर रिसाली भिलाई स्थित परमेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर देवी भागवत पुराण कथा की शुरुआत हुई। पहले दिन सुबह महिलाओं ने परमेश्वरी मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली, जो शिव मंदिर से होकर परिक्रमा करते हुए वापस कथा स्थल परमेश्वरी भवन पहुंची। मंदिर में 154 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किए गए हैं। देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन एवं उनकी पत्नी सुमन देवांगन ने नवरात्रि पूजा एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा में मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। भवन प्रभारी सत्यपाल देवांगन एवं उनकी पत्नी इन्दु देवांगन सहायक यजमान हैं। वैदिक मंत्रों के बीच वेदी पूजन, घट स्थापना, मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करने के बाद आरती हुई। नवरात्रि के पहले दिन ही परमेश्वरी मंदिर में श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा की में व्यास पीठ से आचार्य डॉ नीलेश शर्मा महाराज ने कहा कि देवी भागवत पुराण कथा श्रवण से मानव मात्र को संसार चक्र से मुक्ति मिलती है। उन्होंने अनेक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए देवी भागवत पुराण की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि इसकी महिमा अवर्णनीय है। इसलिए नवरात्रि में देवी भागवत पुराण सुनने का विशेष महत्व है। इसके कथा श्रवण से मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है। जो समाज अपने गुरु एवं ईष्ट देवी का सम्मान नहीं करता उसका पतन हो जाता है। उन्होंने इस श्रेष्ठ परम्परा को बनाए रखने के लिए देवांगन समाज की सराहना की। परमेश्वरी मंदिर में पूजा एवं आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को भोग-प्रसाद वितरित किए गए। इस अवसर पर देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के सचिव विनोद देवांगन, कोषाध्यक्ष गजेन्द्र देवांगन, उपाध्यक्ष रेशमलाल देवांगन, त्रिलोक देवांगन, टेसू राम देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, दयाराम देवांगन, सहसचिव गण जीतेन्द्र बांकुरे, गोवर्धन देवांगन, होमलाल देवांगन, मंदिर प्रभारी राजू देवांगन, भवन प्रभारी सत्यपाल देवांगन, सह प्रभारी हेम कैलाश देवांगन, रामगोपाल देवांगन, राधेश्याम देवांगन, सोहनलाल, श्रवण देवांगन, जयश्री देवांगन, माहेश्वरी देवांगन, दामिनी देवांगन, शकुंतला बांकुरे, लक्ष्मी देवांगन, इन्दू देवांगन आदि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित थे। परमेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व में प्रतिदिन संध्या समय विशेष आरती, जसगीत, माता सेवा, भक्ति संगीत का आयोजन किया जाएगा। दिन में 3.30 बजे से श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा का प्रवचन होगा। संध्या आरती के बाद भोग प्रसादी वितरित किया जाएगा।

## स्पोर्ट्स एक्टिविटी का हुआ आयोजन

# बीएड छात्राओं ने ईपीएल में उत्साह से लिया भाग, दिखाएं अपने हुनर




**भिलाई।** भिलाई महिला महाविद्यालय के शिक्षा विभाग में बीएड की चौथे सेमेस्टर की छात्राओं के लिए एजुकेशनल प्रीमियर लीग (ईपीएल) का आयोजन किया गया। इस प्रीमियर लीग स्पोर्ट्स एक्टिविटी में कैरम, बैडमिंटन एवं क्रिकेट का आयोजन हुआ। भिलाई महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संध्या मदन मोहन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है यह हमे स्वस्थ रहने के साथ साथ मानसिक,शारीरिक, और सामाजिक विकास का भी माध्यम हैं। खेल को छात्राओं की दिनचर्या में शामिल करने से अनुशासन, टीमवर्क व स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा मिलता है । खेल में भाग लेने से न केवल शारीरिक तंदुरुस्ती बढ़ती हैं, बल्कि खेल के मैदान से परे भी जीवन कौशल, समय प्रबंधन, दृढ़ता का विकास होता है। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मोहना सुशांत पंडित ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन में बहुआयामी भूमिका निभाते है खेल-कूद से छात्राओं में ऐसे कौशल विकसित होते हैं जो उन्हें खेलते समय और वास्तविक जीवन की स्थितियों में सहायता करते हैं। ईपीएल में कैरम के फाइनल राउंड में गुंजन प्रथम तथा पूजा श्रीवास्तव रनर अप, बैडमिंटन में शिवानी प्रधान प्रथम एवं कुसुम कावड़े रनर अप रही। क्रिकेट में बीएड चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं को ग्रुप ए व बी में बाँटा गया। टॉस जीतकर ग्रुप बी ने फ़ील्डिंग करने का निर्णय लिया। ग्रुप ए ने बैटिंग करते हुए 7 ओवर में 6 विकेट पर 57 रन बनाये । तथा ग्रुप बी ने 7 ओवर में 6 विकेट पर 51 रन बनाये। इस प्रकार ग्रुप ए (व्हाइट टीम) ईपीएल में विजेता रही । ग्रुप बी की कप्तान स्नेहा ध्रुव को मैन ऑफ़ द मैच तथा ग्रुप ए की कप्तान को बेस्ट बॉलर का ख़िताब दिया गया । बीएड छात्राओ ने स्पोर्ट्स एक्टिविटी में बहुत उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस एजुकेशनल प्रीमियर लीग की इंचार्ज शिक्षा विभाग कि सहायक प्राध्यापक रोमा टंडन थीं।

## ओजस महिला समिति का आयोजन

# पोस्टर व बैनर लेकर नशामुक्त समाज का संदेश देते हुए किया नाटक, सुवा नृत्य और गीतों से सजी महफिल

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** ओजस महिला समिति द्वारा महिलाओं के उत्थान व उनके सम्मान के लिए कार्यक्रम का आयोजन सिविक सेंटर प्रगति भवन में किया गया। इस दौरान सदस्यों ने नशामुक्त समाज पर आधारित नाट्य की शानदार प्रस्तुति दी। साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किये गए। समिति अध्यक्ष ललिता सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए नशामुक्त समाज पर विचार व्यक्त किया और दुर्गा अधिकारी ने लेख पढ़ा। नशा मुक्ति के स्लोगन लिखे पोस्टर को दर्शाते हुए नशामुक्त समाज का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के दुर्ग महापौर अल्का बाघमारे, मिथिला खिचरिया, उपासना साहू, ज्योति पुरंग, सुनन्दा चंद्राकर, नम्रता सिंह, आशा साव, चंद्रकांता मांडले, डॉ मानसी गुलाटी, संस्कृति वर्मा, नेहा ठक्कर, शालू सूर्या सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




### सुवा नृत्य और गीतों की दी प्रस्तुति

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों में संस्कृति वर्मा दवरा नशे से बर्बाद हुये परिवार पर नाटक की प्रस्तुति ने दर्शकों को प्रभावित किया। इस दौरान सभी महिलाओं ने नशामुक्त समाज की शपथ ली। महिला सशक्तिकरण पर रूमा, सौमा और सुनीता सिंह व स्वाति ग्रुप द्वारा सुवा नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। अल्का शर्मा व शकुंतला ने गीत गाकर महौल को खुशनुमा बना दिया।इस दौरान अनीमा सिंह, माया बेनर्जी, सुषमा सिंह, नीलिमा भगत, सुनीता सिंह, संजू शुक्ला, मीनाक्षी सहगल, गीता पाल, सीमा तिवारी, मंजू सोनी, प्राची सिंह सहित सभी सदस्याएं उपस्थित थी।

### महिलाओं का किया सम्मान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर अलका बाघमार ने कहा कि महिलाओं का कोई एक दिन नही बल्कि पूरा साल महिलाओं का होता हैं हर एक महिला सम्मानीय है। इस दौरान मितानिन पूष्पा आडे, रूपा देशमुख, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता देवकी ठाकुर, बीएलओं सीतमनी साहू व पार्वती बंछोर, सीआरपी निक्की पांडे का सम्मान मोमेंटो और सम्मान पत्र देकर किया गया। ओजस महिला समिति दवरा चंदन वर्मा, रोमा सोमा, नेहा ठक्कर, किरन वियानी स्वावलंबी महिलाओं को भी सम्मानित किया गया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### जूडो लीग में जोन स्तरीय खेल के लिए चुनी गईं बालिकाएं



**रायपुर।** अस्मिता जूडो सिटी लीग प्रतियोगिता बालाजी विद्या मंदिर, रायपुर में सम्पन्न हुई। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 25 विजेताओं का चयन ज़ोन स्तरीय खेलो इण्डिया महिला लीग के लिए हुआ। प्रतियोगिता का पुरुस्कार वितरण विधायक पुरंदर मिश्रा के करकमलों हुआ। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वाधान में रायपुर जिला जूडो संघ एवँ आंध्रा एसोसिएशन रायपुर द्वारा एक दिवसीय अस्मिता जूडो सिटी लीग 2024-25 प्रतियोगिता (केवल बालिका) 29 मार्च को देवेन्द्र नगर, रायपुर स्थित बालाजी विद्या मंदिर में आयोजित की गई। जिसमे रायपुर ज़िले के 90 खिलाड़ियों और 15 अधिकारियों ने भाग लिया। अस्मिता लीग आयोजन जिला जूडो संघ रायपुर के अध्यक्ष एवँ प्रदेश जूडो संघ के संयुक्त सचिव अनीस मेमन के मार्फ़त उपरोक्त जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी एवँ महासचिव शम्भू सोनी ने बताया कि यह प्रतियोगिता खेलो इण्डिया और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के तत्वावधान में हुई। उन्होंने आगे बताया कि बालिका सशक्तिकरण के लिए केन्द्र सरकार की प्रतिबद्धता के चलते इस जूडो लीग में केवल बालिकाओं के लिए 25 विभिन्न वजन समूहों में आयु वर्ग अनुसार मुकाबले हुए। लीग के आयोजन सचिव जूडो ब्लेक बेल्ट एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी सूरज कुमार वर्मा थे। जिनके कुशल निर्देशन और बालाजी विद्या मन्दिर के सहयोग से प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वही आंध्रा एसोसिएशन के अध्यक्ष जी स्वामी ने खिलाड़ियों अधिकारियों हेतु भोजन स्वल्पाहार की व्यवस्था की। अनीस मेमन ने बताया कि लीग का समापन एवँ पुरस्कार वितरण समारोह 29 मार्च शाम 06।30 बजे रायपुर उत्तर के विधायक पुरन्दर मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता आंध्रा एसोसिएशन के अध्यक्ष जी स्वामी ने की। विशेष अतिथि सेजस माना की प्राचार्य सरोज यादव, आंध्रा एसोसिएशन के उपाध्यक्ष टी श्रीनिवास रेड्डी, कार्यकारिणी सदस्य एल रूबेश राव, अमित नायडू, एम श्रीनिवासन, प्रदेश जूडो संघ के संयुक्त सचिव अनीस मेमन, अंतरराष्ट्रीय रेफ़री पी किशोर, जूडो एनआईएस कोच जगदीश चौधरी, राष्ट्रीय रेफ़री श्वेता विजय नाग आदि उपस्थित थे।

अस्मिता लीग के पदक विजेताओं को मैडल, प्रमाणपत्र तथा निर्णायक गण, अधिकारी गण को स्मृति चिह्न मुख्य अतिथि विधायक पुरन्दर मिश्रा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों के कर कमलों वितरित किया गया।

स्वर्ण पदक विजेता 25 जूडो बालिका खिलाड़ियों को ज़ोन स्तरीय खेलो इण्डिया महिला लीग हेतू चयनित किया गया। चयनित खिलाड़ियों में सब जूनियर वर्ग-सान्वी भोतमांगे (-28किग्रा), कृशा राज (-32 किग्रा), छवि साहू (-36 किग्रा), दिव्यांशी उपाध्याय (-40 किग्रा), डोमिन निषाद (-44 किग्रा), यशिका देवांगन (- 48 किग्रा), चंचल वर्मा (-52 किग्रा), पलक साहू (-57 किग्रा) और डिंपल भोई (+ 57 किग्रा), कैडेट वर्ग में संजना देवांगन (-40 किग्रा), लीशा आचार्या (-44किग्रा), प्रिया गोलदार (-48 किग्रा), सुनिधि भद्रा (-52 किग्रा), नेहा साहू (-63किग्रा) और दीपशिखा तिवारी (+70किग्रा) जूनियर वर्ग में दीक्षा मरीठी (- 44 किग्रा), प्राची उपाध्याय (-48किग्रा), विभूति साहू (-52 किग्रा), आयुषी चंद्राकर (-57 किग्रा), आकांक्षा सिंह (-63 किग्रा) और सौम्या गिरी गोस्वामी (-70 किग्रा) सीनियर वर्ग में अन्नपूर्णा देवांगन (-48किग्रा), खुशी श्रीवास (-52 किग्रा), नेहा साहू (-57 किग्रा) और संजना शुक्ला (-63 किग्रा) शामिल हैं। अस्मिता लीग को सफल बनाने में अनीस मेमन, पी किशोर, श्वेता विजय नाग, सूरज वर्मा, जगदीश चौधरी, कार्तिक स्वामी, यशवन्त ध्रुव, खुशबू सिन्हा, अजय तिवारी, अजय साहू और के हेमन्त कुमार सहित अन्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### राज्य स्तरीय फुटबॉल में खरोरा विजेता




**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे इंस्टिट्यूट बीएमवाय एवं बीएमवाई फुटबॉल के सयुंक्त आयोजन में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन एक मैच मैच खेला गया। कलिंगा बॉयज और खरोरा की बीच हुए मुकाबले में खरोरा की टीम ने 2-1 से इस मैच जीत लिया। मैच के मुख्य अतिथि रेल्वे इंस्टीट्यूट के सचिव बी डी प्रसाद , भीम राव बोदलकर उप मंडल समन्वय मजदूर कांग्रेस, बलाई सील, मंडल समन्वय श्रमिक यूनियन एवं रेल्वे इंस्टिट्यूट वर्किंग कमिटी दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे शामिल थे। प्रतियोगिता की शुरूआत 28 मार्च से हुई। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ। प्रसन्नन आर लोध ,एआरएम भिलाई थे।

## शरीर से मिलने वाले संकेत होते हैं गंभीर रोगों की तरफ इशारा

# दिल की तकलीफ शुरू होने से पहले शरीर देता है कई तरह के संकेत, इन्हें पहचानकर करवाएं तुरंत उपचार

हृदय रोग वैश्विक स्तर मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक हैं। आंकड़ों के मुताबिक कोरोनरी हार्ट डिजीज (सीएडी) हृदय रोग का सबसे आम प्रकार है, जिससे 2024 में 4.75 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई। 20 वर्ष और उससे अधिक उम्र के 20 वयस्कों में से लगभग 1 को (लगभग 5%) इस समस्या का जोखिम हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारे लाइफस्टाइल और आहार से संबंधित कई प्रकार की समस्याओं के कारण हृदय रोगों का खतरा बढ़ता जा रहा है। दुर्भाग्यवश कम उम्र के लोग भी इसके शिकार पाए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बहुत से लोग डॉक्टर के पास जाने से डरते हैं, तब तो और भी अधिक जब वह हृदय रोग विशेषज्ञ के पास जाना हो। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर निदान होने से हृदय की संभावित गंभीर समस्याओं के जोखिमों को कम करने और रोगी की जान बचाने में मदद मिल सकती है। डॉक्टर सभी लोगों को सालाना दो बार अपने हृदय की जांच कराने की सलाह देते हैं, भले ही आपको कोई हृदय रोग न हो।



### युवाओं में हृदय रोगों की समस्या

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, युवा लोगों (उम्र 35-64) में हृदय रोगों के मामले बढ़ते हुए रिपोर्ट किए जा रहे हैं। वैसे तो इसके कई कारण हो सकते हैं, जिसमें मोटापे, हाई कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर प्रमुख है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की रोपिर्ट के मुताबिक लगभग आधे अमेरिकियों में हृदय रोग के लिए शीर्ष तीन जोखिम कारकों (उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल और धूम्रपान) में से कम से कम एक की दिक्कत है।

डॉक्टर कहते हैं, कुछ स्थितियां हैं जो संकेत देती हैं कि आपके हार्ट में कोई समस्या हो सकती है, जिसको लेकर शीघ्रता से किसी विशेषज्ञ से मिलना चाहिए।

### अक्सर फूलती है सांस?



यदि आप अक्सर सांस की तकलीफ का अनुभव करते रहते हैं तो इसे हृदय की समस्या के संकेत के तौर पर देखा जाना चाहिए। इस समस्या को चिकित्सकीय रूप से डिस्पेनिया कहा जाता है। इस तरह की स्थिति को गंभीर माना जाता है जिसमें अधिक देरी न करें और डॉक्टर से मिलें। हृदय से जुड़ी, सांस संबंधी समस्याएं अक्सर घरेलू काम करने और यहां तक कि सीढ़ियां चढ़ने जैसी स्थितियों में काफी बढ़ जाती है।

### छाती में दर्द

सीने में दर्द एक प्रमुख संकेतक है कि आपके हृदय में कुछ समस्या हो सकती है। अक्सर सीने में बने रहने वाले दर्द को नजरअंदाज न करें और न ही इसे ओवर-द-काउंटर दवाओं से दबाने की कोशिश न करें। जिन लोगों का कोलेस्ट्रॉल या ब्लड प्रेशर अक्सर बढ़ा हुआ रहता है उनमें हृदय रोगों का खतरा अधिक हो सकता है। ऐसे रोगियों को



अक्सर सांस फूलने, सीने में दर्द की समस्याओं को अनुभव हो सकता है। इस तरह के लक्षणों को हल्के में लेने की गलती नहीं की जानी चाहिए।

### क्या आपकी है सेंडेंटरी लाइफस्टाइल?

सेंडेंटरी लाइफस्टाइल या दिन का अधिकतर समय अगर आपका बैठे-बैठे बीत जाता है तो सावधान रहें, ये स्थिति भी हृदय रोगों के जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती है। अधिक समय तक बैठे रहना आपको शारीरिक रूप से निष्क्रिय बना देता है जो हृदय के लिए हानिकारक है। यदि आपकी जीवनशैली निष्क्रिय है, तो आपको नियमित रूप से अपने दिल की जांच करानी चाहिए। इस जोखिम के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करना बहुत आवश्यक है।



## टॉयलेट में सेल फोन इस्तेमाल करने की आदत से हो सकते हैं संक्रमण के शिकार

क्या आप भी उन लोगों में से हैं जो टॉयलेट में बैठने के दौरान फोन की स्क्रीन को स्क्रॉल करते रहते हैं? अगर हां तो यकीन मानिए आप अकेले ऐसे नहीं हैं। जिन लोगों को टॉयलेट में ज्यादा वक्त लगता है वह इस तरह के कई तरीके पहले से अपनाते रहे हैं।


यह बहुत पहले की बात नहीं है जब अमेरिकी बाथरूम में पत्रिकाओं के लेटेस्ट अंक रखे जाने शुरू हो गए थे। इसे समय के उपयोग करना कहें या फिर पेट को साफ करने में अधिक समय लगने की मजबूरी, लेकिन बड़ी संख्या में आपको ऐसे लोग मिल जाएंगे जो टॉयलेट में अखबार या फोन लेकर जाते हैं और लंबे समय तक इसका इस्तेमाल करते रहते हैं।

पर क्या आप जानते हैं कि इस एक आदत के कई प्रकार के नुकसान हो सकते हैं? यह कई तरह के संक्रमण के बार-बार होनो और बीमारियों को बढ़ाने वाली आदत हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आप भी ऐसा करते हैं तो अब भी देर नहीं हुई है, तुरंत इस आदत को छोड़ दें।

### क्यों हानिकारक है ये आदत?

हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं, टॉयलेट की सीट और वहां मौजूद चीजें जैसे बाल्टी-मग आदि पर लाखों वायरस-बैक्टीरिया हो सकते हैं। जब आप इनके इस्तेमाल के बाद फोन को छूते हैं तो हाथों के माध्यम से बैक्टीरिया आपको फोन पर चिपक जाते हैं। इसका एक जोखिम यह भी है कि आपका स्मार्टफोन शौच में मौजूद बैक्टीरिया से दूषित हो सकता है।

इस तरह के एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने फोन में ई.कोलाई और अन्य माइक्रोबियल की मौजूदगी का पता लगाया। ब्रिटेन के एक शोध अध्ययन में पाया गया कि औसत स्मार्टफोन स्क्रीन पर टॉयलेट सीट से भी ज्यादा बैक्टीरिया हो सकते हैं।



### कीटाणुओं का वाहक बन सकता है आपका फोन

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं जो फोन आप टॉयलेट से बाहर लेकर आते हैं उसका अगर परीक्षण किया जाए तो यह कीटाणुओं के घर जैसा दिख सकता है। हम अपने हाथों को तो धो लेते हैं पर फोन को साफ नहीं करते हैं। ऐसे में लंबे समय तक जर्म्स फोन की स्क्रीन पर रह सकते हैं और जब-जब इसपर हाथ लगाते हैं तो उसके माध्यम से ये नाक और मुंह के रास्ते पेट में जा सकते हैं।

### इससे कब्ज का भी बढ़ जाता है जोखिम

टॉयलेट में लंबे समय तक फोन के इस्तेमाल के कारण कब्ज होने का खतरा हो सकता है, क्योंकि आपका शरीर बाथरूम में बहुत लंबे और अप्राकृतिक समय तक बैठने का आदी हो जाता है। इसके अलावा, वॉशरूम में आपका 30 मिनट तक बैठने का समय बवासीर का भी खतरा बढ़ा देता है।

### इस आदत से कैसे पाएं छुटकारा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं सबसे पहले केवल तब तक ही शौचालय पर बैठना चाहिए जब तक आपकी वास्तविक जरूरत हो। यदि कुछ मिनटों के बाद मल त्याग नहीं होता है, तो जबरदस्ती बैठे रहने का लाभ नहीं है।

## जैम बना है बहुत पतला, तो इन हैक्स से कीजिए सुधार

अगर आपने घर पर ही जैम बनाया है और वह काफी पतला बना है तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। ऐसे कई हैक्स हैं, जो इस जैम को थिक करने में आपकी मदद करेंगे।

### करें दोबारा कुक

अगर आपको ऐसा लग रहा है कि आपका जैम बहुत अधिक पतला हो गया है तो ऐसे में उसे थोड़ा थिक करने के लिए दोबारा कुक करना अच्छा विचार हो सकता है। इसके लिए आप जैम को वापस एक बर्तन में डालें और धीमी आंच पर दोबारा पकाएं।

आप चाहें तो इसमें थोड़ा सा नींबू का रस (नींबू के रस को लंबे समय ऐसे करें स्टोर) मिला सकती हैं। आप जैम को तब तक पकाती रहें जब तक कि आपको सही कंसिस्टेंसी ना मिल जाए। इसे रिकुक करते समय बीच-बीच में चलाते रहें, ताकि जैम तली में लगकर जल ना जाए।

### कॉर्नस्टार्च का करें इस्तेमाल

कॉर्नस्टार्च किसी भी डिश को बाइंड करने के साथ-साथ एक थिकनिंग एजेंट के रूप में भी काम करता है। आप इसे सिर्फ सॉस या सूप में ही इस्तेमाल नहीं कर सकती हैं, बल्कि जैम को थोड़ा थिक करने के लिए भी इसकी मदद ली जा सकती है।

आपको इसके इस्तेमाल के लिए बस इतना करना है कि आप कॉर्नस्टार्च (कॉर्नस्टार्च के बारे में कितना जानती हैं आप) और पानी को मिक्स करें। अब इस मिश्रण को जैम के हॉट मिश्रण में मिलाएं। इसके बाद, जब आप जैम को उबालते हैं, तो यह आसानी से थिक हो जाता है।

### ठंडा होने के लिए दें समय

कभी-कभी ऐसा भी होता है कि जब हम जैम बनाते हैं तो हमें वह पतला लगता है। लेकिन बाद में जब वह



ठंडा होकर सेट हो जाता है, तो वह थिक हो जाता है। जैम के ठंडा होने के बाद उसकी कंसिस्टेंसी थोड़ी थिक हो जाती है। इसलिए आपको कुछ करने की जरूरत ही नहीं होती है। इसलिए, अगर जैम थोड़ा ही पतला हो तो उसे कमरे के तापमान पर या रेफ्रिजरेटर में कुछ घंटों के लिए ठंडा होने दें। आप देखेंगी कि वह खुद ब खुद थिक हो गया है।

### चिया सीड्स का करें इस्तेमाल

जैम को थिक करने के लिए चिया सीड्स का इस्तेमाल भी किया जाता है। यह आपके जैम को एक नया टेस्ट भी देगा और उसे अधिक हेल्दी बनाएगा। दरअसल, चिया सीड्स में में नेचुरल जिलेटिन फाइबर काफी अधिक मात्रा में पाया जाता है, जो जैम को गाढ़ा करने में मदद कर सकता है।

इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस इतना करना है कि आप एक चम्मच चिया सीड्स को एक चम्मच पानी के साथ मिलाएं। इसे जेल बनाने के लिए कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद आप इसे जैम में मिला दें।तो अब आप भी इन हैक्स को अपनाएं और अपने जैम को बिल्कुल मार्केट में मिलने वाले जैम की तरह ही बनाएं।

## घर में नकारात्मकता ऊर्जा न रहे इसके लिए जानिए वास्तु उपाय



कई अनजानी बुरी आदतें घर में वास्तु दोष उत्पन्न कर देती हैं। ऐसे में अगर आप अपने जीवन में सुख-समृद्धि चाहते हैं तो अपनी इन आदतों को बदल लीजिए।

**सही नींद सही सेहत:** अच्छी सेहत पाने के लिए रात को जल्दी सोना और सुबह जल्दी जागने की बात कही गई है।लेकिन देर से सोना और देर से उठना दोनों ही आदतें स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती हैं। वैज्ञानिक शोधों से यह स्पष्ट हो चुका है कि जल्दी उठना दिमाग के लिए बहुत फायदेमंद है इससे दिमाग की कोशिकाएं सक्रिय रहती हैं जिससे दिमाग तेज होता हैं और याददाश्त अच्छी बनी रहती हैं।

**छत की सफाई:** अधिकांश घरों में छत की सफाई को लेकर लोगों की आदत होती है कि कौन देखता है,पर छत पर कबाड़ पड़ा होने से वास्तुदोष उत्पन्न होता है। यहां किसी भी प्रकार के बांस या लोहे का जंग लगा हुआ सामान या फिर टूटी कुर्सियां इत्यादि फालतू सामान कभी न रखें।

भिलाई बाजार



भिलाई शरह में सुप्रसिद्ध ज्योतिष

पं. सूर्य कुमार शर्मा माँ बगुला मुखि उपासक

फीस 251/-

पं. सूर्य कुमार शर्मा माँ बगुला मुखी की असीम कृपा और साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुण्डली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिशाच दोष, गृहणी दोष, गृहकलेश, पति पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, संतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, उच्चाटन, मारण, मस्तिष्क दमन, वशीकरण इन बाधाओं से पीड़ित भक्तगण की समस्या माँ बगुला मुखी की साधना द्वारा समाधान

माँ बगुला मुखी ज्योतिष कार्यालय

पता - जुनवानी कोहका रोड, अमन ढाबा के बाजु में, भिलाई

समय - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक

मो.: 8871250663

कार्नर न्यूज

## आज देश के ज्यादातर लोग हाजमा खराब होने से परेशान

# हाजमा दुरुस्त नहीं होने से हैं परेशान तो आहार में शामिल करिए फल, मिल जाएगा जल्द लाभ

पाचन की समस्याएं जैसे गैस, कब्ज और दस्त होना काफी कॉमन है, यह कई कारणों से हो सकता है। लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी को इसके प्रमुख कारणों में से एक माना जाता रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, वैसे तो पाचन की ये दिक्कतें सामान्य दवाओं और घरेलू उपचार से आसानी से ठीक हो जाती हैं, पर कुछ स्थितियों में ये गंभीर अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या का संकेत भी हो सकती हैं, ऐसे में अगर आपको कुछ समय से इस तरह की दिक्क्तें अक्सर बनी रहती हैं तो इसपर ध्यान देना और समय रहते उपचार कराना बहुत जरूरी हो जाता है। डॉक्टर कहते हैं, अपने पाचन तंत्र को प्राकृतिक रूप स्वस्थ रखने के प्रयास करते रहना सभी लोगों के लिए आवश्यक है। पेट को स्वस्थ रखने का सबसे बेहतर तरीका है कि आप आहार में अधिक से अधिक मात्रा में फाइबर वाली चीजों को शामिल करें। कुछ फल, फाइबर से भरपूर होते हैं जो पाचन में सुधार करने में आपके लिए मददगार हो सकते हैं। इनका सेवन करने से आपको लाभ मिल सकता है।



### सेब आपके लिए कई प्रकार से लाभकारी

सेब को हमारी सेहत के लिए कई प्रकार से लाभकारी फलों में से एक माना जाता है, कहावत भी रही है कि रोजाना एक सेब खाने वाले लोगों को डॉक्टर की जरूरत कम पड़ती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि ये फल आपके पाचन स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद हो सकता है। सेब में पेक्टिन फाइबर की मात्रा अधिक होती है और पेक्टिन कब्ज और दस्त दोनों से राहत प्रदान कर सकता है। पेक्टिन अपनी घुलनशील प्रकृति और शरीर में कोलेस्ट्रॉल या विषाक्त पदार्थों को कम करने के लिए भी जाना जाता है।

### कीवी फल से पाचन को लाभ

कीवी फल विटामिन-सी के सबसे अच्छे स्त्रोतों में से एक है, यही कारण है कि इसे बेहतर इम्युनिटी वाले फलों में से एक माना जाता है पर क्या आप जानते हैं कि यह फल आपके पाचन स्वास्थ्य के लिए भी काफी लाभकारी हो सकता है? अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि कीवी फल, डायट्री फाइबर का अच्छा स्त्रोत है, ऐसे में इसके सेवन से पेट की कई समस्याओं के खतरे को कम किया जा सकता है। कीवी फल में एक्टिनिडिन नामक एंजाइम भी होता है जो प्रोटीन का बेहतर पाचन करने में सहायक है।

### केले पेट के लिए बहुत फायदेमंद

केले, अपनी उच्च मात्रा में फाइबर वाले गुणों के लिए जाने जाते हैं, घरेलू उपचार के तौर पर भी दस्त और अपच की समस्या में केले के सेवन की सलाह दी जाती रही है। आंत की समस्याओं के जोखिमों को कम करने और पाचन प्रक्रिया को तेज करने के लिए केले का सेवन किया जा सकता है। केले में एनाटासिड प्रभाव भी होता है जो पेट की परत में बनने वाले अल्सर से पेट की रक्षा करता है।

### आम भी आपके लिए लाभकारी

आम खाना भी आपके पेट के लिए लाभकारी फलों में से एक है, यह विटामिन-सी के सबसे अच्छे स्त्रोतों में से भी है, यही कारण है कि इसे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाला माना जाता है। आम में कई ऐसे एंजाइम होते हैं जो प्रोटीन का आसानी से ब्रेक डाउन करने और पाचन को ठीक रखने में सहायता करते हैं।



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'जेम्स बॉन्ड' के बाद अब 'डंबलडोर' बनाना चाहते हैं ब्रॉसनन, कह दी दिल की बात

हॉलीवुड स्टार पियर्स ब्रॉसनन ने हाल ही में कहा है कि वह हैरी पॉटर सीरीज के मशहूर किरदार डंबलडोर को निभाने में रुचि रखते हैं। एक बातचीत में उन्होंने यह भी माना कि अगर उन्हें यह रोल ऑफर किया गया तो वह इसे स्वीकार कर लेंगे। हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता पियर्स ब्रॉसनन ने हाल ही में यह खुलासा किया है कि उनका हमेशा से सपना रहा है कि वह हैरी पॉटर सीरीज के मशहूर हेडमास्टर डंबलडोर का किरदार निभाएं। 72 साल के हो चुके इस अभिनेता ने कहा कि जैसे-जैसे उनका बालों का रंग सफेद होता जा रहा है वैसे-वैसे जिंदगी के अनुभव उनके चेहरे पर साफ दिखने लगे हैं और अब उनका ध्यान इस महत्वपूर्ण भूमिका पर ज्यादा केंद्रित हो गया है। उन्होंने डेली टेलीग्राफ से बातचीत के दौरान कहा, ₹मेरेबाल सफेद हो गए हैं और जीवन के अनुभव अब मेरे चेहरे और कंधों पर साफ दिखने लगे हैं। ऐसा मेरे परिवार में मजाक किया जाता है कि मैं अब डंबलडोर वाली उम्र में प्रवेश करने वाला हूं। मैं अभी नहीं चाहता कि ऐसा हो, लेकिन अगर मुझसे इस भूमिका को निभाने के लिए पूछा गया तो मैं शायद हां कह दूंगा।₹ पीयर्स ब्रॉसनन ने यह भी कहा कि वह इस रोल के लिए पहले ही तैयार हैं। खासकर अब जब उनका जीवन और अनुभव उनकी उम्र के साथ और परिपक्व हुआ है। उनका कहना है, ₹डंबलडोर का रोल मेरे लिए हमेशा आकर्षक रहा है, खासकर जब से मेरी उम्र बढ़ी है और मेरी पहचान में एक नई परिपक्वता आई है।₹ पियर्स ब्रॉसनन जेम्स बॉन्ड के रूप में चार फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं।



## टॉलीवुड

### 'कांतारा चैप्टर-1' में शामिल होने पर मोहनलाल ने तोड़ी चुप्पी, फिल्म के मेकर्स से की ये मांग

मोहनलाल इन दिनों 'एल2ः एम्पुरान' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार लगातार फिल्म के प्रचार में व्यस्त हैं। इसके साथ ही पिछले कुछ समय से ऐसी चर्चाएं चल रही हैं कि मोहनलाल कंतारा के चैप्टर 1 में नजर आएंगे। इस पर चुप्पी तोड़ते हुए हाल ही में अभिनेता ने होम्बेल फिल्म्स की आगामी फिल्म 'कांताराः चैप्टर 1' में अभिनय करने की अपनी इच्छा साझा की है।



हाल ही में ओटीपी प्ले के साथ एक साक्षात्कार के दौरान अभिनेता से पूछा गया कि क्या वह 'कांतारा' के सीक्वल का हिस्सा हैं? इस पर मोहनलाल ने स्पष्ट किया कि वह अभी तक फिल्म में शामिल नहीं हैं। हालांकि, उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपना उत्साह व्यक्त किया, विनम्रतापूर्वक फिल्म निर्माताओं से अनुरोध किया कि वे उन्हें फ्रेंचाइजी में संभावित भूमिका के लिए उन पर विचार कर सकते हैं।

मोहनलाल ने कहा, 'कृपया उनसे मुझे कांतारा 2 में लेने के लिए कहें। मुझे कोई रोल दें। मुझे लगता है कि मैं बुरा एक्टर नहीं हूं। मैं 'कांताराः चैप्टर 1' में कोई किरदार निभाना चाहूंगा। मोहनलाल द्वारा कंतारा सीक्वल में अभिनय करने की इच्छा व्यक्त करने के बाद प्रशंसक अब बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि क्या अभिनेता उनकी अगली फिल्म में अभिनय करेंगे।

'कंताराः चैप्टर 1' ब्लॉकबस्टर 'कांतारा' की प्रीक्वल है। यह फिल्म अब फिल्मांकन के चरण में है और इसे स्क्रीन पर आने में कुछ समय लगेगा, क्योंकि ऋषभ शेट्टी कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। कन्नड़ अभिनेता अलौकिक शक्तियों वाले नागा साधु की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, मोहनलाल 'एल2ः एम्पुरान' में पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ नजर आए हैं।

## भोजपुरी

### 'तेरा मेरा टशन' में समर की फाइट तो लाजवाब लेकिन पवन से तुलना पड़ गई भारी

फिल्म 'तेरा मेरा टशन' का ट्रेलर लॉन्च होते ही दर्शकों में उत्साह पैदा हुआ। इसमें एक्शन, ड्रामा और रोमांस का शानदार मेल है। सोशल मीडिया पर चर्चा जोरों पर है, जबकि समर सिंह के हीरो लुक पर मिली-जुली प्रतिक्रिया सामने आई हैं। भोजपुरी सिनेमा की दुनिया में एक नया धमाका होने जा रहा है। फिल्म 'तेरा मेरा टशन' का ट्रेलर हाल ही में लॉन्च किया गया है, जिसने फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। ट्रेलर में भोजपुरी फिल्मों का वो जादू देखने को मिलता है, जिसमें एक्शन, ड्रामा और रोमांस का तड़का लगाया गया है। पहले ही सीन से लेकर आखिरी तक ट्रेलर दर्शकों को बांधे रखता है और फिल्म की कहानी का रोमांचक अंदाज पेश करता है।



'तेरा मेरा टशन' में भोजपुरी के मशहूर सितारों की मौजूदगी इस ट्रेलर को और खास बनाती है। ट्रेलर से साफ है कि फिल्म में एक प्रेम कहानी के साथ-साथ दुश्मनी और एक्शन का जबरदस्त मेल होगा। इसके अलावा, ट्रेलर में दिखाए गए गाने और डांस सीक्वेंस दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर सकते हैं। फिल्म के डायलॉग भी काफी दमदार हैं, जो भोजपुरी सिनेमा के चाहने वालों को सिनेमाघर तक खींच लाने का दम रखते हैं। ट्रेलर के रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर 'तेरा मेरा टशन' की चर्चा जोरों पर है।




डिजाइनर मोचा मूस ने अभी तक बरगंडी को सीज़न के रंग के रूप में नहीं हटाया है। वाइन से प्रेरित यह रंग पिछले कई सीज़न से लोगों के दिमाग में छाया हुआ है। बरगंडी का मतलब एक गहरा, लाल-बैंगनी रंग है, जो फ्रांस के बरगंडी क्षेत्र की वाइन के रंग से प्रेरित है और इसे शाही, ठाठदार और समृद्ध माना जाता है। फ्रांस में फेरागामो, अलेक्जेंडर मैकक्वीन और टोव जैसे ब्रांड इसे बड़ी शान से अपना रहे हैं।

# करीब आ रहा है शादी का दिन तो ऐसे रखें अपनी त्वचा का ध्यान, टिप्स आएंगी आपके काम

शादी का दिन हर लड़की के लिए बेहद खास होता है। इसके लिए वो काफी पहले से तैयारी कर लेती हैं। शादी के दिन खूबसूरत दिखने के लिए लड़कियां पार्लर बुकिंग लेती हैं, जहां महीने भर पहले से उनकी त्वचा का ध्यान रखा जाता है। यदि आपके पास पार्लर में स्किन केयर कराने का समय नहीं है तो घर पर ही कुछ टिप्स फॉलो करके अपनी त्वचा का ध्यान रखें। यहां हम आपको होने वाली दुल्हनों के लिए कुछ खास टिप्स देने जा रहे हैं, ताकि आप घर बैठे-बैठे भी अपनी त्वचा का ध्यान रख सकें। इसके लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### सीटीएम फॉलो करें

यदि आपकी शादी होने वाली है तो सीटीएम रूटीन फॉलो करना शुरू कर दें। सीटीएम रूटीन फॉलो करने से आपकी त्वचा की डीप क्लींजिंग होती रहेगी, जिससे आपकी त्वचा अंदर तक साफ रहेगी। ये रूटीन आपकी त्वचा को हाइड्रेट रखने में भी मदद करेगा।

### हर्बल फेस पैक आएगा काम

बाजार में मिलने वाले फेस पैक की जगह यदि आप हर्बल फेस पैक अपनी त्वचा पर लगाएंगी तो इससे आपकी त्वचा भी ग्लो करेगी। हर्बल फेस पैक इस्तेमाल करते समय उन्हीं चीजों का इस्तेमाल करें, जो आपको सूट करें। इस पैक में कोई भी ऐसी चीज मिक्स न करें, जो आपकी एलर्जी का कारण बन सके।

### हफ्ते में एक बार त्वचा को करें स्क्रब

हफ्ते में कम से कम एक बार अपनी त्वचा को स्क्रब अवश्य करें। स्क्रब करने से त्वचा की डीप क्लींजिंग होती है। इससे डेड स्किन भी हट जाती है। आप चाहें तो आप घर पर ही चीनी और शहद का स्क्रब बना सकती हैं।

### सनस्क्रीन है जरूरी

यदि आपकी शादी होने वाली है तो अपने बैग में एक सनस्क्रीन अवश्य रखें। इसका इस्तेमाल हर दो से तीन घंटे में करें। सनस्क्रीन खरीदते समय अपने स्किन टाइप का ध्यान अवश्य रखें। यदि आप गलत सनस्क्रीन इस्तेमाल करेंगी तो इससे आपको लाभ की जगह हानि पहुंचेगी।

# सिंपल साड़ी पहनना लगता है बोरिंग तो फॉलो करें ये ट्रेंड, दिखेंगी सबसे अलग





साड़ी एक ऐसा भारतीय परिधान है, जिसे महिलाएं हर कार्यक्रम में पहनना पसंद करती हैं। आज के समय में तो साड़ी को महिलाएं ग्लैमरस अंदाज में भी कैरी करती हैं। यदि आपको भी साड़ी पहनना पसंद है लेकिन आप साधारण तरह से साड़ी पहनते-पहनते बोर हो गई हैं तो यहां हम आपको साड़ी पहनने के अन्य पांच पैटर्न बताने जा रहे हैं।

इन पांच तरह की साड़ी पहनकर चैत्र नवरात्रि के दिन आप अपना खूबसूरत और सादगी भरा अंदाज दिखा सकती हैं। साड़ी को कई तरीकों से पहना जा सकता है। तो चलिए बिना देर किए आपको साड़ी पहनने के पांच नए पैटर्न के बारे में बताते हैं।

### सीधे पल्लू की साड़ी

सीधे पल्लु की साड़ी पहनने से आपका लुक और भी सादगी भरा लगता है। नीता अंबानी तक पूजा-पाठ के काम में हमेशा सीधे पल्लु की साड़ी पहनना ही पसंद करती हैं। यदि आपको भी सीधे पल्लु की साड़ी कैरी करना पसंद है तो ये आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकता है।

### नौवारी साड़ी

महाराष्ट्रियन स्टाइल साड़ी पहनकर आप नवरात्रि में अपना खूबसूरत और अलग अंदाज दिखा सकती हैं। इसके साथ नाक में पारंपरिक नथ पहनें। यदि आपके बाल लंबे हैं तो बालों में जूड़ा बनाकर गजरा लगाएं। गजरा लगाकर आपका अंदाज काफी प्यारा लगेगा। माता रानी की पूजा की बात हो रही है और महिलाएं बंगाली स्टाइल में साड़ी न पहनें, ये तो हो ही नहीं सकता। ऐसे में आप भी चाहें तो बंगाली स्टाइल में साड़ी पहन सकती हैं। ये जरूरी नहीं है कि आप लाल बॉर्डर वाली सफेद साड़ी ही पहनें। आप किसी भी साड़ी को बंगाली स्टाइल में कैरी कर सकती हैं।

### इंडो वेस्टर्न लुक लें

इंडो वेस्टर्न साड़ी के साथ भी आपका अंदाज अलग दिखेगा। इसके लिए बाजार में प्री ड्रेप्ड साड़ी आती हैं, जो आपके लुक को काफी हद तक बदल देंगी। इस तरह की साड़ी में आपका लुक काफी अलग दिखेगा।

# गर्मियां आते ही होने लगी है दाढ़ी में खुजली तो ये घरेलू उपचार आएंगे काम

गर्मियों का मौसम आते ही हर किसी को अलग-अलग दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कोई सनबर्न और टैनिंग से परेशान है तो वहीं कुछ लोग त्वचा और सिर पर होने वाली खुजली से। सबसे बड़ी परेशानी तो उन लोगों के सामने आ खड़ी होती है, जो लोग दाढ़ी रखते हैं। दरअसल, गर्मी के मौसम में पुरुषों की दाढ़ी में काफी खुजली होती है, जिसकी वजह से कई बार उन्हें शर्मिंदगी का शिकार होना पड़ता है। यदि आप भी उन्हीं लोगों में के एक हैं, तो ये लेख आपकी काफी मदद करने वाला है। यहां हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिसके इस्तेमाल से आप दाढ़ी की खुजली को दूर कर सकते हैं।

### अच्छे से सफाई है जरूरी

यदि आप दाढ़ी रखते हैं तो इसकी अच्छी तरह से सफाई करना बेहद जरूरी है। इसके लिए दिन में कम से कम दो बार दाढ़ी को गुनगुने पानी से साफ करें। इससे दाढ़ी पर जमने वाले बैक्टीरिया खत्म हो जाएंगे। दाढ़ी की खुजली दूर करने का ये सबसे आसान तरीका है।



### मॉइश्चराइज करें

बाजार में दाढ़ी रखने वाले पुरुषों के लिए अलग से मॉइश्चराइजर आते हैं, जिन्हें दाढ़ी पर भी लगाया जा सकता है। अच्छे से यदि आप अपनी दाढ़ी को मॉइश्चराइज करके रखेंगे तो उसमें खुजली की संभावना कम हो जाएगी, क्योंकि खुजली हमेशा या तो पसीने से आती है या फिर रूखेपन से।

### इस्तेमाल करें दाढ़ी का शैंपू

अब तो बाजार में दाढ़ी के हिसाब से शैंपू आते हैं, जिनका इस्तेमाल खासतौर पर दाढ़ी को साफ करने के लिए किया जाता है। ऐसे में यदि आप दाढ़ी रखने के शौकीन हैं, तो इस शैंपू को खरीदकर रख लें और हफ्ते में कम से कम तीन बार इसका इस्तेमाल करें।

# ईद के लिए घर पर करा लें फेशियल, चांद सा चमकता रहेगा आपका चेहरा

यदि आप ईद के दिन चांद सा चमकता चेहरा चाहती हैं, लेकिन पार्लर में पैसे खर्च करना नहीं चाहतीं तो घर पर ही फेशियल कर लें। होली के बाद अब लोग ईद के त्योहार का इंतजार कर रहे हैं। ये दिन मुस्लिम धर्म के लोगों के लिए बेहद खास होता है। रमजान के पूरे महीने रोजा रखने के बाद लोग ईद के दिन खुशियां मनाते हैं और एक-दूसरे को बधाई देते हैं। इस दिन हर कोई खूब अच्छे से तैयार भी होता है।

ऐसे में अब जब गर्मी शुरू हो गई है तो चेहरा डल होने लगा है। इसी के चलते ईद पर खूबसूरत दिखने के लिए खासतौर महिलाएं पार्लर के चक्कर लगाने लगी हैं। यदि आप पार्लर नहीं जाना चाहतीं तो हम आपको घर पर ही फेशियल करना बताएंगे, ताकि आपकी त्वचा ईद के दिन चांद सी चमकती रहे।

**चेहरे को धोएं:** घर पर फेशियल करने के लिए सबसे पहले आपको अपना चेहरा अच्छी तरह से साफ करना चाहिए। इसके लिए अपनी स्किन टाइप के हिसाब के हिसाब के क्लींजर इस्तेमाल करें और चेहरे की डीप क्लींजिंग करें। यदि आप गंदे चेहरे पर ही फेशियल करेंगे तो इससे आपकी त्वचा न तो सही से साफ होगी, बल्कि इसकी वजह से परेशानियां खड़ी हो सकती हैं।



**स्क्रब करें:** चेहरे को साफ करने के बाद बारी आती है स्क्रब की। तो इसके लिए आप किसी घरेलू स्क्रब या फिर बाजार में मिलने वाले स्क्रब का इस्तेमाल करके अपना चेहरा चमकाएं। स्क्रब का इस्तेमाल करने के लिए अपने चेहरे पर स्क्रब लगाएं और फिर हल्के हाथों से मसाज करें। 5-7 मिनट के बाद चेहरे को धो लें।

**कार्नर न्यूज**

## फिल्म और ग्लैमर से जुड़े लोगों की पसंद है 'मेसो बोटोक्स'

बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक में कई ऐसी अभिनेत्रियां हैं, जिनको देखकर आपके मन में ख्याल आता होगा कि बढ़ती उम्र में भी इनकी त्वचा इतनी चमकदार कैसे है। आपके इस सवाल का जवाब हम इस लेख में देंगे। : बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक में कई ऐसी अभिनेत्रियां हैं, जिनकी उम्र बढ़ती जा रही है, लेकिन फिर भी उनकी त्वचा एकदम यंग दिखती है। भले ही वो कितना भी कहें कि उनकी यंग त्वचा के पीछे का राज अच्छा खान-पान है लेकिन ऐसा नहीं होता। फैबुलस लाइव वर्सेस बॉलीवुड वाइव्स नाम की सीरीज में मशहूर एक्ट्रेस नीलम कोठारी ने कैमरे पर बोटोक्स ट्रीटमेंट लेते हुए खुद को दिखाया था, और उन्होंने कहा था कि इसमें छिपाने जैसा कुछ भी नहीं है। इसी के बाद से ये साफ हो गया कि अभिनेत्रियां यंग दिखने के लिए बोटॉक्स ट्रीटमेंट लेती हैं। बहुत से लोगों को इस बारे में जानकारी ही नहीं है कि आखिर बोटॉक्स और मेसो बोटॉक्स है क्या?

# 'मेसो बोटोक्स' के चलते बढ़ती उम्र में भी जवां दिखने लगते हैं सेलिब्रिटीज़, जानिए इस नई तकनीक को



### क्या होता है इसका काम ?

यदि आप मेसो बोटॉक्स कराने का सोच रहे हैं तो पहले ये जान लें कि ये आखिर किस काम आती है। दरअसल, मेसो बोटोक्स एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से बढ़ती उम्र के लक्षणों को छिपाया जाता है।

यानी कि यदि आपके चेहरे पर, आंखों के आस-पास महीन रेखाएं और झुर्रियां हैं तो आप मेसो बोटोक्स की मदद ले सकते हैं। इसका उपयोग रोमछिद्रों के आकार को कम करने, तेल उत्पादन को नियंत्रित करने और चेहरे पर पसीना कम करने के लिए भी किया जाता है।

### कैसे करता है काम

मेसो बोटॉक्स में आपके चेहरे के खास हिस्सों पर हाइलूरोनिक एसिड के साथ पतले बोटुलिनम टॉक्सिन की छोटी खुराक का इस्तेमाल किया जाता है। इस ट्रीटमेंट में साधारण की जगह माइक्रो नीडल का इस्तेमाल किया जाता है। आमतौर पर मेसो बोटॉक्स का इस्तेमाल माथे की बारीक झुर्रियां, आंखों के नीचे झुर्रियां, नसोलेबियल फोल्ड, मुंह का दबा हुआ कोण, गर्दन, और हाथ पर झुर्रियां हटाने में किया जाता है।



### कैसे होता है बोटॉक्स से अलग ?

अगर आपको लग रहा है कि बोटोक्स और मेसो बोटोक्स एक जैसे होते हैं, तो ये आपकी गलतफहमी है। दोनों में काफी फर्क है। दरअसल, जिस तरह से बोटोक्स का इंजेक्शन सीधे मांसपेशी में लगाया जाता है, ठीक उससे अलग मेसो बोटोक्स का इंजेक्शन त्वचा की सतह पर लगाया जाता है। मेसो बोटोक्स में बोटुलिनम की मात्रा कम होती है, जबकि बोटोक्स में पर्याप्त मात्रा में बोटुलिनम का इस्तेमाल किया जाता है। इन्हीं कारणों से मेसो बोटोक्स को बेबी बोटोक्स कहा जाता है।

### नुकसान के बारे में भी जान लें

यदि आप मेसो बोटोक्स लेने का प्लान कर रहे हैं तो हमेशा किसी अच्छे स्किन विशेषज्ञ की सलाह लें। वो सबसे पहले पहले आपका स्किन टेस्ट करेंगे, उसके बाद ही इस ट्रीटमेंट की सलाह देंगे।